

पृष्ठ.. 4 पर पढ़ें..

राजकुमार राव को हाई कोर्ट से राहत

मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक

# उल्हास विकास

वर्ष : 44 ■ अंक : 151 ■ सोमवार 1 सितंबर 2025 ■ 3 रुपए ■ पृष्ठ 4

FOLLOW US @ulhasvikas ulhasvikas@gmail.com Google Play
GET IT ON ULHAS VIKAS Google Play | Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel | Subscribe

संपादक - हीरो अशोक बोधा BMM, L.LB., M.A.

Mobile.:- 9822045566

epaper.ulhasvikas.com

# ठाणे जिले में FDA की कार्रवाई

- मिठाई की दुकानों पर छापे
- ठाणे जिले में 43 प्रतिष्ठानों की जांच
- खाद्य पदार्थों का स्टॉक जब्त

FDA MAHARASHTRA
FOOD AND DRUG ADMINISTRATION



फाइल फोटो

**कल्याण.** गणेशोत्सव, नवरात्रि और दिवाली जैसे त्योहारों के दौरान विभिन्न प्रकार के खाद्य पदार्थों की माँग दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। नागरिक विशेष रूप से मिठाइयाँ खरीदने के लिए दुकानों पर उमड़ पड़ते हैं। इसका फायदा उठाकर विक्रेताओं द्वारा घटिया, बासी और मिलावटी खाद्य पदार्थ बेचने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। इससे नागरिकों के स्वास्थ्य को खतरा हो सकता है। इसलिए, एफडीए द्वारा हर साल प्रतिष्ठानों के निरीक्षण पर अधिक जोर दिया जाता है।

त्योहारों के मौसम में लोगों को स्वस्थ और गुणवत्तापूर्ण खाद्य पदार्थ मिलें, यह सुनिश्चित करने के लिए एफडीए के कोंकण विभाग ने एक विशेष निरीक्षण अभियान चलाया है और अब तक 43 प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया है। साथ ही, इस निरीक्षण के दौरान मिठाइयों, खावा, तेल, फरसाण आदि के 101 नमूने लिए गए और उन्हें विश्लेषण के लिए प्रयोगशाला भेजा गया। इसके अलावा, चकली, मिक्स फरसाण और पामोलिन तेल जैसे खाद्य पदार्थों का स्टॉक जब्त किया गया है।

खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग (कोंकण) के संयुक्त आयुक्त श्रीकांत करकाले द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, यह अभियान जारी रहेगा और मिठाई विक्रेताओं के ठिकानों पर छापेमारी की जाएगी। संबंधित विभाग ने यह भी चेतावनी दी है कि निरीक्षण में किसी भी प्रकार की त्रुटि पाए जाने पर संबंधित प्रतिष्ठानों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

खाद्य एवं औषधि प्रशासन मंत्री नरहरि जिरवाल के निर्देशानुसार, आयुक्त, संयुक्त आयुक्त, सहायक आयुक्त, खाद्य सुरक्षा अधिकारी, पुलिस प्रशासन, ज़िला कलेक्टर और मनपा आयुक्त के सहयोग से मिठाइयों और इसी तरह के खाद्य पदार्थों का निरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है। राज्य के खाद्य एवं औषधि प्रशासन मंत्री नरहरि जिरवाल के निर्देशानुसार, इस वर्ष भी FDA के कोंकण विभाग द्वारा विशेष निरीक्षण अभियान चलाया गया है। उस अभियान में ठाणे जिले में 43 प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। इसके चलते कुछ स्थानों पर मिठाइयों, फरसाण, तेल आदि के कुल 101 नमूने लिए गए हैं। साथ ही, 600 किलोग्राम चकली, 400 किलोग्राम रिफाइंड पामोलिन तेल और 400 किलोग्राम मिश्रित फरसाण जब्त किया गया है। इसलिए, मिठाइयाँ और इसी तरह की अन्य वस्तुएँ बनाते और बेचते समय हमेशा सतर्क रहें। संबंधित विभाग ने चेतावनी दी है कि अब किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

यह भी सुनिश्चित किया जा रहा है कि मिठाई बनाने वाले बर्तन साफ़ हों, ढक्कन साफ़ हों, रसोई साफ़ हो और खाना बनाने वाले कारीगर स्वस्थ और तंदुरुस्त हों। उपभोक्ता संरक्षण संगठन के गजानन पाटिल ने ठाणे विभाग द्वारा की जा रही इस सराहनीय पहल की सराहना की है।

### स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने की इजाज़त नहीं

सभी संबंधित पक्षों को मिठाई बनाते और बेचते समय सावधानी बरतनी चाहिए, क्योंकि किसी को भी लोगों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने की इजाज़त नहीं दी जाएगी। दोषी पाए जाने पर संबंधित दुकान के ख़िलाफ़ क़ानून के अनुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

– श्रीकांत करकाले,
सहायक आयुक्त, खाद्य एवं औषधि प्रशासन, ठाणे

## अंबरनाथ नपा ने 10 कृत्रिम एवं छोटे तालाब बनाए



- अंबरनाथ-बदलापुर में 38 हजार घरेलू गणपति
- 138 सार्वजनिक गणेशोत्सव मंडल

यूसुफ शेख

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ नगर परिषद ने गणेश मूर्ति विसर्जन के लिए हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी 60 लाख रुपयों की निधि से दस जगहों पर कृत्रिम तालाब एवं विविध गृहसंकुल में दस जगह छोटे आकार के रबर के तालाब बनाए हैं. शहर पूर्व में शिवगंगा नगर, ग्रीन सिटी, खेर सेक्शन, कानसई, हरीओम पार्क, नेहरू उद्यान, गांवदेवी मैदान, लोकनगरी में एवं शहर पश्चिम में मोरीवली, चिखलोली में कृत्रिम तालाब बनाए गए हैं.

शहर पश्चिम में चिंचपाड़ा खदान, बुवापाड़ा खदान, पूर्व में शिवमंदिर के पास से बहने वाले पानी में एवं अन्य नैसर्गिक जलस्त्रोत में गणेश मूर्ति का विसर्जन किया जाता है. डेढ़ दिन, तीन दिन एवं रविवार को पांच दिन के सैकड़ों गणेश मूर्ति का विसर्जन किया गया है. नगर परिषद द्वारा 60 लाख रुपए खर्च करके बनाए गए कृत्रिम तालाब के आसपास पक्ष नेताओं ने बैनरबाजी करके क्रेडिट लेने का प्रयास किया है. आगामी मनपा चुनाव को देखते हुए अपना प्रचार कुछ इच्छुक उम्मीदवारों ने शुरू कर दिया है. जिस पर नाराजगी व्यक्त की जा रही है. अंबरनाथ और बदलापुर में कुल 138 सार्वजनिक और 38 हजार घरेलू गणपति का आगमन हो चुका है. 4 हजार से भी ज्यादा गौरी गणपति का आगमन होने वाला है. इस वर्ष पीओपी से बनाई गई गणेश मूर्ति की संख्या ज्यादा है. जहां भी गणेश मूर्ति का विसर्जन किया जा रहा है, वहां पर अंबरनाथ नपा प्रशासन द्वारा लाइट विसर्जन करने के लिए मनुष्य बल, पूजा पाट का प्रबंध किया गया है. अंबरनाथ पुलिस भी गणेश मंडलों एवं विसर्जन जुलूस पर गहरी नजर रखे हुए है.

## ग्राम सेविका घूस लेते रंगे हाथों गिरफ्तार

**भिवंडी.** भिवंडी तालुका के बोरीवली (पडघा) की ग्राम विकास अधिकारी विद्या बनसोडे (46) को ठाणे भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने ठेकेदार के काम का बिल पूरा करने के लिए 30,000 रुपये की रिश्वत मांगने के आरोप में रंगे हाथों गिरफ्तार किया. महिला के खिलाफ पडघा पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है. शिकायतकर्ता ठेकेदार ने पडघा के पास बोरीवली ग्राम पंचायत की सीमा में सड़क मरम्मत का काम किया था. काम पूरा करने के बाद, वह अपना स्वीकृत बिल लेने के लिए ग्राम विकास अधिकारी विद्या बनसोडे के पास गया. बनसोडे ने उससे रिश्वत की मांग की.

## फायरिंग में घायल युवक की मौत

- कुल 6 आरोपियों की हुई गिरफ्तारी
- मुख्य आरोपी भी गिरफ्तार
- हिललाइन पुलिस की बड़ी कार्रवाई



**उल्हासनगर.** उल्हासनगर में एक पुराने विवाद को लेकर हुई फायरिंग की एक चौंकाने वाली घटना में हिललाइन पुलिस ने आखिरकार छह आरोपियों को धर दबोचा है। क्राइम ब्रांच ने शुरुआत जांच में जुनैद शेख, अभिमन्यु पटेल और मोनू शेख को गिरफ्तार किया था। हालांकि, अपराध के पीछे का मुख्य मास्टरमाइंड इकबाल वकील अहमद शेख फरार हो गया था। पुलिस ने घाटकोपर में जाल बिछाकर उसे भी गिरफ्तार कर लिया, जबकि छठे आरोपी योगेश शिंपले को अंबरनाथ से गिरफ्तार किया गया। यह घटना 27 अगस्त की रात उल्हासनगर-5 के साईनाथ कॉलोनी इलाके में हुई थी। आरोपियों ने योगेश उर्फ बबडया मिश्रा और उसके दोस्त धीरज विठ्ठले पर सीधे फायरिंग की और उन पर चॉपर और चॉपर से हमला किया। इसमें मिश्रा गंभीर रूप से घायल हो गए उन्हें तुरंत एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उनकी मौत हो गई है।

## मनसे ने की आरक्षित भूखंड पर पार्किंग बनाने की मांग

**उल्हासनगर.** वर्तमान में शहर में भारी ट्रैफिक जाम की समस्या है। इसकी वजह न केवल शहर की संकरी सड़कें हैं, बल्कि पार्किंग की समस्या भी बड़े पैमाने पर उत्पन्न हो गई है। उल्हासनगर शहर में एक बड़ा बाजार होने के बावजूद, मनपा के स्वामित्व में एक भी पार्किंग स्थल उपलब्ध नहीं है। नई विकास योजना में, साइट संख्या 109 एसएम संख्या 180 का भूखंड मनपा के पार्किंग स्थल के निर्माण के लिए आरक्षित किया गया है। यहीं पर उल्हासनगर का सबसे बड़ा फर्नीचर बाजार है, और पूरे महाराष्ट्र से लोग हर दिन इस बाजार में फर्नीचर खरीदने आते हैं। कुछ दूरी पर गजानन मार्केट जैसा एक विशाल कपड़ा बाजार भी है। बगल में सेंट्रल अस्पताल और सरकारी कार्यालय फर्नीचर मार्केट नेहरू चौक जैसी कई जगहें हैं। त्योहारों के मौसम में, खरीदारी के लिए यहाँ नागरिकों की भारी भीड़ होती है। लेकिन इस क्षेत्र में कोई पार्किंग स्थल न होने के कारण निवासियों को काफी मानसिक पीड़ा झेलनी पड़ती है।




यहाँ एक निजी पार्किंग स्थल है, लेकिन वहाँ पर्याप्त जगह न होने के कारण लोग अपनी गाड़ियाँ सड़क पर खड़ी कर देते हैं। इसलिए इस भाग में हमेशा यातायात जाम रहता है। अगर मनपा इस आरक्षित भूखंड पर एक बहुमंजिला पार्किंग स्थल बनाए, तो इस भाग में यातायात जाम की समस्या का स्थायी समाधान हो सकता है और मनपा को आय का एक स्त्रोत भी मिल सकता है। इसलिए, जिला अध्यक्ष बंडू देशमुख और शहर अध्यक्ष संजय घुगे ने मनपा आयुक्त मनीषा आव्हाले से अनुरोध किया है कि इस आरक्षित भूखंड पर जल्द से जल्द पार्किंग स्थल बनाया जाए।

## ब्लैकमेलिंग से तंग आकर युवती ने की आत्महत्या?



**टिटवाला.** एक युवती ने अज्ञात व्यक्ति द्वारा ब्लैकमेलिंग के कारण आत्महत्या कर ली। इस घटना के बाद, परिवार के सदस्य कल्याण तालुका पुलिस स्टेशन पहुँचे। पुलिस ने संबंधित युवक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और आगे की जाँच जारी है। ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए आरोपी को कड़ी सजा देने की माँग की जा रही है। युवती गणपति के आगमन की तैयारी में व्यस्त थी और जब वह मखर बना रही थी, तभी उसे आरोपी का फ़ोन आया। फ़ोन पर मौजूद व्यक्ति ने उसे ब्लैकमेल किया और पैसों की माँग की। बताया गया है कि इसी व्यक्ति ने पहले भी उससे सोने की चेन और नकदी ली थी। लगातार ब्लैकमेलिंग और पैसों की माँग के कारण युवती मानसिक रूप से परेशान थी। इस उत्पीड़न से तंग आकर उसने आखिरकार अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, आरोपी और युवती के बीच पिछले ढाई साल से प्रेम संबंध थे।

## राजस्व मंत्री ने करवले में भूमि विवाद सुलझाया



**मुंबई.** अंबरनाथ तालुका के करवले में लैंडफिल परियोजना के लिए आवश्यक सरकारी भूमि नगर निगम को दी जाएगी, लेकिन गाँव के विकास, पुनर्वास और सुविधाओं के लिए जगह छोड़ी जानी चाहिए, इसलिए इसकी योजना इस प्रकार बनाई जानी चाहिए। इसके लिए राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने सोमवार को ग्राम पंचायत और महानगर पालिका को एक संयुक्त प्रस्ताव प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

करवले में सरकारी भूमि लैंडफिल परियोजना को लेकर चल रहे विवाद को सुलझाने के लिए बावनकुले के कार्यालय में एक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में विधायक सुलभा गायकवाड़, स्थानीय प्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे।

ग्रामीणों ने इस बात पर नाराजगी व्यक्त की कि गाँव के पास 52 एकड़ सरकारी भूमि 2018 से उनके कब्जे में होने के बावजूद उसका उचित उपयोग नहीं किया गया है। स्थानीय निवासियों ने मांग की है कि परियोजना के लिए 20 एकड़ भूमि को छोड़ दिया जाए। इसलिए, ग्रामीणों ने तर्क दिया कि इसका उपयोग विवाह समारोहों के लिए एक हॉल, बच्चों के लिए खेल का मैदान और अन्य सार्वजनिक सुविधाओं के लिए किया जा सकता है।

प्रशासन ने बताया कि प्रस्तावित 5 हेक्टेयर भूमि में स्कूल, खेल के मैदान और अन्य सुविधाएँ शामिल होंगी। ठाणे ज़िला कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि 5.5 हेक्टेयर वैकल्पिक भूमि पर विचार किया जा रहा है। आदिवासी वाडा में घरों के पुनर्वास का मुद्दा भी उठाया गया। ग्रामीणों ने मांग की कि 2011 से पहले बने 100 घरों को नियमित किया जाए और उनके स्थान पर घर बनाए जाएँ। इसके लिए ग्राम पंचायत द्वारा 100 लोगों की संशोधित सूची तैयार करने का प्रस्ताव रखा गया।

## कोहोजगांव में जुआ खेलते हुए 4 पकड़े गए

- पुलिस ने किया अपराध दर्ज



उल्हास विकास संवाददाता

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ के कुछ स्थानों पर गणेशोत्सव पर तीन पत्ती जुआ जोरों पर खेला जाता है. 30 अगस्त की रात में अंबरनाथ पुलिस ने कोहोजगांव के खुले मैदान में छापा मारकर 4 जुआरियों को तीन पत्ती जुआ खेलते हुए पकड़ा है. ये घटना 30 अगस्त रात 9 बजे से 31 अगस्त 2.30 बजे के बीच की है. पुलिस ने कोहोजगांव गांवदेवी मंदिर के बाजू में खुले मैदान में जुआ खेलते हुए बिजी बाबू (37), आजप्पा बंडसाली (61), जयदीप उरफ गुड्डूशाम रसाल (27) और दिलेर अनिल पाटिल (27) सभी निवासी अंबरनाथ पश्चिम को पकड़ा है.

अंबरनाथ पुलिस ने महाराष्ट्र जुआ प्रतिबंधक अधिनियम 1887 कलम 12 (अ) के अनुसार अपराध दर्ज किया है. ऐसी जानकारी पुलिस विभाग द्वारा रोजाना दी जाने वाली क्राइम रिपोर्ट में दी गई है. पुलिस उप निरीक्षक राजू मावले मामले की जांच कर रहे हैं. गणेशोत्सव के दस दिनों में शहर के कुछ ठिकानों पर जुआ खेले जाते हैं, जिस पर पुलिस की कड़ी नजर होती है. इस गणेशोत्सव में जुआ खेलते चार जुआरियों को पकड़ने का ये पहला मामला है.

## देह व्यापार चलाने वाली टिटवाला की महिला गिरफ्तार

- 4 युवतियों को छुड़ाया गया

**कल्याण.** डोंबिवली में वेश्यावृत्ति का धंधा चलाने वाली टिटवाला की एक बिचौलिया महिला को ठाणे स्थित अनैतिक मानव तस्करी निरोधक दल ने डोंबिवली पूर्व में टाटा लेन के पास एक होटल से सौदा करते हुए गिरफ्तार कर लिया। टीम ने उसके चंगुल से चार युवतियों को छुड़ाया, जिन्हें यह महिला वेश्यावृत्ति के लिए लाई थी। गिरफ्तार महिला टिटवाला की निवासी है।

गिरफ्तार महिला का नाम सुनीता संजय चव्हाण है। ठाणे स्थित अनैतिक मानव तस्करी निरोधक विभाग की वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक वैशाली गोराडे को गुप्त सूचना मिली कि डोंबिवली में एक महिला ग्राहकों से दस हज़ार रुपये लेकर कुछ युवतियों को वेश्यावृत्ति में धकेल रही है। वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक गोराडे को इस महिला के ग्राहक, यानी युवती के संपर्क सूत्र का मोबाइल नंबर प्राप्त हो गया था। इस महिला को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस दल ने एक नकली ग्राहक बनाया और सुनीता चव्हाण को उससे संपर्क करने को कहा। नकली ग्राहक ने महिला से शारीरिक सुख के लिए युवतियों की मांग की। 10 हज़ार रुपये जमा करने पर आपको युवती मिल जाएगी। ऐसा सुनीता चव्हाण ने पुलिस टीम द्वारा बनाए गए नकली ग्राहक से कहा। टीम को यकीन हो गया कि डोंबिवली में सुनीता नाम की एक महिला वेश्यावृत्ति में लिप्त है। महिला द्वारा बताए गए स्थान डोंबिवली पूर्व में तिलक रोड पर टाटा लाइन के नीचे एक होटल क्षेत्र में जाल बिछाया। सुनीता चव्हाण चार पीड़ित युवतियों को लाने वाली थी। पुलिस टीम ने नकली ग्राहक को तय समय पर बिचौलिया सुनीता चव्हाण से मिलने के लिए भेजा। बिचौलिया महिला ने नकली ग्राहक को चारों युवतियां दिखाकर 10 हज़ार रुपये लेने का लेन-देन पूरा किया। इसके बाद, नकली ग्राहक ने अपने मोबाइल पर मिस्ड कॉल करके पुलिस टीम को सूचित किया। वरिष्ठ निरीक्षक गोर्डे तुरंत टीम के साथ होटल में दाखिल हुए। उन्होंने सुनीता चव्हाण सहित पीड़ित लड़कियों को घेर लिया। पुलिस टीम रामनगर थाने आई और संगीता चव्हाण और अन्य महिलाओं से पूछताछ की। महिला ने टीम को बताया कि उसने दस हज़ार रुपयों में से दो हज़ार रुपये पीड़ित लड़की के लिए और आठ हज़ार रुपये अपने लिए रखे थे। हवलदार विजय पाटिल की शिकायत पर सुनीता चव्हाण के खिलाफ रामनगर थाने में अनैतिक तस्करी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया।



## आयो लाल सभी चओ झूलेलाल' के उद्‍घोष से झूम उठा शहर

- हजारों की संख्या में महिलाओं व पुरुषों ने मटकी उठाकर किया व्रत का समापन

### चालिहा साहिब मटकी मेला धूमधाम से संपन्न











**उल्हासनगर.** कैम्प-5 स्थित पूज्य चालिहा साहिब झूलेलाल मंदिर में 21 जुलाई से शुरू हुए चालीहा मेले का समापन हो गया। आयो लाल सभी चओ झूलेलाल के उद्‍घोष से लाल साईं के भक्तों ने मटकी उठाकर अपने व्रत का समापन किया। सुबह 9 बजे से बहराणा साहिब झूलेलाल साईं की आरती व भजन कीर्तन के साथ मटकी विसर्जन का कार्य शुरू किया गया जहां महिलाओं व पुरुषों ने हजारों की संख्या में शामिल होकर 75 वर्षों से जल रही अखंड ज्योत के दर्शन कर मटकी मेले में हिस्सा लिया। देश के कोने-कोने से सिंधी समाज के लोग इस मेले में आए हुए थे। ज्ञात हो कि सिंधी समाज के इष्ट देव भगवान झूलेलाल के इस चालिहा पर्व में जल की आराधना की जाती है, यह सिंधी समुदाय का सबसे बड़ा पर्व माना जाता है, ऐसा माना जाता है कि इन दिनों भगवान झूलेलाल वरुण देव का अवतरण करके अपने भक्तों के सभी कष्टों को दूर करते हैं, जो भी लोग चालीस दिन तक विधि-विधान से पूजा-अर्चना करते है, उनके सभी दुःख दूर हो जाते हैं यह सिंधी समुदाय का सबसे बड़ा धार्मिक आयोजन होता है।

75 सालों से प्रज्वलित अखंड ज्योत को साक्षी मानते हुए परंपरा के साथ इस वर्ष भी 40 दिवसीय कठिन व्रत जिसका समापन 30 अगस्त को लाखों लाल साईं के भक्तों द्वारा उल्हासनगर-5 के मिलिट्री तालाब में मटकी परवान करके मटकी मेला के साथ सम्पन्न हुआ। 31 अगस्त को पल्लव साहिब हुआ. चालीहा साहिब ट्रस्ट द्वारा मंदिर के भीतर तो प्रबंध था लेकिन मंदिर के बाहर खडे लोगों को भारी परेशानी हो रही थी। पुलिस का भी तगड़ा बंदोबस्त रखा गया था।

## अंबरनाथ नपा द्वारा उत्कृष्ट गौराई घरेलू सजावट स्पर्धा

- कई पारितोषिक देने की घोषणा

उल्हास विकास संवाददाता

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ नगर परिषद द्वारा माझी वसुंधरा अभियान 6.0 एवं स्वच्छ भारत अभियान 2.0 अंतर्गत पर्यावरण पूरक घरेलू उत्कृष्ट गौराई सजावट स्पर्धा का आयोजन किया गया है. स्पर्धकों को नकद पारितोषिक देने की घोषणा की गई है. स्पर्धा 29 अगस्त से 4 सितंबर तक रहेगी. प्रवेश फार्म क्यूआर कोड स्कैन करके फार्म डाउनलोड करके और पूछी गई जानकारी भरकर सबूत के साथ अंबरनाथ नपा कार्यालय में 4 सितंबर तक देने के लिए कहा गया है. प्रथम पारितोषिक 11,111, द्वितीय पुरस्कार 5,555, तृतीय पुरस्कार 3,333 और उत्तेजनार्थ 2,222 रुपए पारितोषिक रखा गया है. ऐसी जानकारी प्रशासक तथा मुख्याधिकारी उमाकांत गायकवाड़ ने प्रेस विज्ञप्ति जारी की है. स्पर्धकों के लिए नियम व शर्त है. स्पर्धक अंबरनाथ शहर का नागरिक होना चाहिए, स्पर्धकों को अपना नाम दर्ज कराना होगा, उसके बाद कमेटी मार्फत परीक्षण होगा. सजावट पर्यावरण पूरक, नैसर्गिक साधनों का इस्तेमाल किया हुआ होना चाहिए, सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग ना करें. थर्माकोल, पीओपी प्लास्टिक सजावट साहित्य आदि का उपयोग ना करें. पर्यावरण पूरक सजावट वालों को प्राथमिकता दी जाएगी.

जैसे पके हुए फलों को गिरने के सिवा कोई भय नहीं वैसे ही पैदा हुए मनुष्य को मृत्यु के सिवा कोई भय नहीं. – वाल्मीकि

उल्हास विकास — मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का लोकप्रिय हिंदी दैनिक

संपादकीय

## जीएसटी की अगली बैठक में क्या!

विपक्ष शासित आठ राज्यों ने वस्तु एवं सेवा कर अर्थात जीएसटी की दो श्रेणियां तय किए जाने की घोषणा पर जिस तरह सहमति जताई और साथ ही कुछ शर्तें भी आगे रख दीं, उससे फिलहाल यह अनुमान लगाना कठिन है कि आगामी जीएसटी काउंसिल की बैठक में क्या होगा?

इन राज्यों की ओर से कांग्रेस के महासचिव जयराम रमेश ने जीएसटी की दो श्रेणियां करने पर कांग्रेस एवं अन्य विपक्षी दलों द्वारा शासित राज्यों की ओर से अपनी तीन मांगें रखी हैं। अच्छा होता कि इस संदर्भ में संबंधित राज्य जीएसटी काउंसिल की बैठक में अपनी बात रखते। क्या जीएसटी के दो स्लैब को लेकर विपक्ष शासित राज्यों के राजनीतिक दल और विशेष रूप से कांग्रेस श्रेय लेने की राजनीति कर रही है अथवा यह दिखाना चाहती है कि वह हर मामले में विरोध जताना जारी रखेगी?

कहना कठिन है कि क्या पंजाब, केरल, पश्चिम बंगाल, झारखंड आदि राज्यों ने जीएसटी के मामले में कांग्रेस को अपना प्रतिनिधित्व सौंप दिया है? जो भी हो, इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि कांग्रेस जीएसटी की दो श्रेणियों की पैरवी करती रही है। क्या तब उसे इसके परिणामों और खासकर राजस्व में फौरी कमी आने का भान नहीं था? जीएसटी को जब सभी दलों की ओर से संसद में सहमति मिली थी तो उसे आर्थिक सुधार के मामले में एक मील के पत्थर की तरह देखा गया था और पक्ष-विपक्ष के दलों के रवैये को सराहा गया था, लेकिन बाद में राहुल गांधी संकीर्ण राजनीतिक कारणों से जीएसटी को गब्बर सिंह टैक्स बताने लगे। इससे इनकार नहीं कि जीएसटी में समय-समय पर अनेक बदलाव करने पड़े हैं और संभवतः उसकी दो श्रेणियां बनाए जाने के बाद भी यह सिलसिला कायम रहे, लेकिन आखिर ऐसा कौन सा कानून है, जिसमें समय के साथ कुछ फेरबदल करने की आवश्यकता नहीं होती? जीएसटी की दो ही श्रेणियां किया जाना समय की मांग है। बेहतर होता कि यह मांग और पहले पूरी हो जाती। अब तो इसमें बाधा नहीं खड़ी की जानी चाहिए। आर्थिक मामलों में दलगत राजनीतिक हितों से ऊपर उठने की आवश्यकता होती है।

# टैरिफ की चुनौतियों के बीच चीन से सहयोग की संभावनाएं

अमेरिका में सत्ता परिवर्तन के बाद तेजी से बदले वैश्विक वातावरण में अमेरिकी राष्ट्रपति ने भारत से चिढ़कर जिस तरह सबसे अधिक 50 प्रतिशत टैरिफ लगाया, उसका सामना करने के लिए मोदी सरकार ने कमर कस ली है। उनकी जापान और चीन यात्रा को इसी सिलसिले में देखा जा रहा है। भारतीय प्रधानमंत्री की जापान और चीन यात्रा बेहद महत्वपूर्ण है। इस पर पूरी दुनिया की निगाह है।

अमेरिकी राष्ट्रपति ने चीन पर भी मनमाना टैरिफ लगाया था, लेकिन जब उसने प्रतिकार किया तो वे उसे कम करने और उससे वार्ता करने को बाध्य हुए। वे इसलिए भी बाध्य हुए, क्योंकि अमेरिका को अपनी अर्थव्यवस्था चलाने के लिए चीन की सख्त जरूरत है। अमेरिका ने टैरिफ के मामले में जापान से भी समझौता किया, पर वह खटाई में पड़ गया। जापान उन शर्तों को पूरा करने पर सहमत नहीं, जो ट्रंप ने उस पर लगाई थीं।

एक शर्त के अनुसार जापान को अमेरिका में 550 अरब डालर का निवेश करना था। जापान इस निवेश को लेकर असमंजस में है। इन्हीं स्थितियों में जापान ने भारत में निवेश करने की एक बड़ी पहल की है। जापानी कंपनियों ने अगले 10 वर्षों में छह लाख करोड़ रुपये निवेश करने पर सहमति जताई है। यह सहमति भारतीय अर्थव्यवस्था को बल प्रदान करने वाली है। वैसे तो भारत और जापान के रिश्ते पहले से ही प्रगाढ़ रहे हैं, लेकिन यह स्पष्ट है कि मौजूदा हालात में वे और अधिक मजबूत होने वाले हैं।



प्रधानमंत्री की जापान यात्रा से अधिक दिलचस्पी लोगों को उनकी चीन यात्रा को लेकर है। प्रधानमंत्री मोदी चीन में शंघाई सहयोग संगठन में हिस्सा लेने के लिए जापान के बाद वहां पहुंचे हैं। यह उनकी सात वर्षों बाद होने वाली चीन यात्रा है। भारत और चीन के संबंध 2020 में लद्दाख की गलवन घाटी में दोनों देशों के सैनिकों के बीच खूनी झड़प के बाद से बिगड़ गए थे। हाल में वे कुछ सुधरे हैं।

देखना यह है कि भारतीय प्रधानमंत्री और चीनी राष्ट्रपति की मुलाकात के बाद इन संबंधों में कितना सुधार आता है? चीन भी अमेरिका के रवैये के कारण भारत से संबंध सुधारने का इच्छुक है। वह भारत से आर्थिक मोर्चे पर कुछ ऐसे समझौते चाहता है, जिससे अमेरिकी चुनौती का सामना किया जा सके। निश्चित रूप से भारत को भी इस समय चीन की जरूरत है। इसका एक कारण तो अमेरिकी राष्ट्रपति का भारत विरोधी रवैया है और दूसरा, हमारे आर्थिक विकास में चीन का सहयोग महत्वपूर्ण होना है। भारत और चीन के रिश्ते आजादी के बाद से ही उलझे रहे हैं। इन संबंधों में उतार-चढ़ाव आता रहा है। चीन ने भारत के हिंदी-चीनी भाई-भाई नारे की आड़ में भारतीय हितों पर कई बार आघात किया है। 1962 के युद्ध के बाद वह हमारे एक भूभाग को दबाए बैठा है और अरुणाचल प्रदेश पर अपना दावा करता रहता है। पहले डोकलाम और फिर गलवन घाटी की घटना के बाद भारत में चीन के प्रति संदेह बढ़ा है। भारत चीन को एक विस्तारवादी देश मानता है। इस मान्यता के पीछे कुछ ठोस कारण हैं। वास्तव में उसकी विस्तारवादी नीति भारत के संदेह का एक बड़ा कारण है। इसके बाद भी इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि पिछले कुछ वर्षों में दोनों देशों के आर्थिक-व्यापारिक रिश्ते बहुत आगे बढ़े हैं। भारत का शायद ही कोई सेक्टर हो, जो चीनी सामग्री आयात न करता हो। इसी कारण भारत का आयात बिल बढ़ता जा रहा है। भारत और चीन के बीच व्यापार का पलड़ा चीन के पक्ष में झुका हुआ है। भारत तमाम प्रयासों के बाद भी चीन के साथ अपने व्यापार घाटे को कम नहीं कर पा रहा है। चीन भी इस दिशा में कुछ करने के लिए तैयार नहीं दिखता। उसका यह रवैया भी उसके प्रति संदेह को बढ़ाता है।

जब-जब चीन के साथ रिश्ते खराब होते हैं, तब-तब देश में स्वदेशी की आवाज उठती है और कुछ लोगों एवं संगठनों की ओर से चीनी वस्तुओं के बहिष्कार की बातें भी की जाती हैं, लेकिन सच यही है कि स्वदेशी और आत्मनिर्भरता की पहल ने कोई खास असर नहीं दिखाया है। कोविड महामारी के समय और फिर गलवन घाटी की घटना के बाद स्वदेशी और आत्मनिर्भरता की बातें तो खूब की गईं, लेकिन बात बनी नहीं।





विज्ञान और अध्यात्म के मूल में एक साँझेदारी है जो समान प्रश्नों के उत्तर ढूंढती है।

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक


# पीएम मोदी की जापान यात्रा के मायने

नई भू-राजनीतिक परिस्थितियों में उथल-पुथल के बीच अमेरिका जैसा देश जहां अपने हित में अन्य देशों पर मनमाने फैसले थोपने की कोशिश में है, तो स्वाभाविक ही भारत के सामने भी अपना हित कायम रखने की चुनौती खड़ी हुई है। यही वजह है कि पिछले कुछ समय से अलग-अलग देशों पर शुल्क लगा कर व्यापार नीति को प्रभावित करने की अमेरिकी कोशिश के समांतर भारत ने अपने लिए वैकल्पिक रास्ते तैयार करना शुरू कर दिया है।

इस क्रम में रूस और चीन से नए सिरे से संवाद कायम करने और विवादित मसलों को सुलझा कर संबंधों के नए आयाम पर विचार करने के लिए भारत ने कूटनीति के मोर्चे पर जो रुख अपनाया है, उसे इसी संदर्भ में देखा जा सकता है। पिछले दिनों भारत ने रूस सहित अन्य कुछ देशों में कूटनीतिक पहल के जरिए यह संदेश दिया है कि अमेरिका से संवाद के रास्ते भले ही खुले हैं, लेकिन उसके रवैये का सामना करने के लिए भारत तैयार है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जापान और चीन की यात्रा को भी दरअसल नए विकल्प खोजने की कोशिश की एक कड़ी के तौर पर देखा जा सकता है। अपनी जापान यात्रा के बाद प्रधानमंत्री मोदी चीन के तियानजिन में शंघाई सहयोग संगठन के शिखर सम्मेलन में भी



भाग लेंगे। दरअसल, अमेरिका की ओर से शुल्क से संबंधित नई नीति थोपने और इस संबंध में भारत के तर्कों को खारिज करने के बाद अब स्थिति यही है कि भारत इसका सामना करने के लिए नए विकल्प तैयार करे। इस लिहाज से देखें तो जापान और चीन भी उन देशों की सूची में हैं, जिन पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की शुल्क कूटनीति की मार पड़ी है। इसके अलावा भी जो देश ट्रंप के इस रवैये के दायरे में आए हैं, उनके लिए यह समझना मुश्किल है कि अमेरिका के इस राह को अपनाने के क्या कारण हैं और इसके जरिए वह क्या हासिल करना चाहता है।

अमेरिकी शुल्क नीति के लागू होने के बाद चीन और जापान ऐसे देश हैं, जिनका व्यापार भी भारत की तरह ही प्रभावित हो सकता है। मगर यह स्थिति तभी ज्यादा बिगड़ती है, जब निर्यात के लिए मुख्य रूप से किसी एक देश पर निर्भरता हो। यही वजह है कि पच्चीस से लेकर पचास फीसद तक शुल्क थोपे जाने के बाद इससे प्रभावित होने वाले सभी देशों के सामने नई स्थिति से निपटने के लिए नए उपायों पर विचार जरूरी हो गया है। प्रधानमंत्री मोदी की जापान और चीन यात्रा को इसी कूटनीति को साधने की कोशिश के तौर पर देखा जा सकता है। निश्चित रूप से पिछले कुछ वर्षों से चीन के साथ भारत के जैसे संबंध रहे हैं, उसमें हर स्तर पर सतर्कता बरतने की जरूरत होगी। यह छिपा नहीं है कि सीमा पर तनाव से लेकर गलवान में टकराव तक और फिर अरुणाचल प्रदेश में नाहक विवाद खड़ा करके चीन भी सैन्य मोर्चे पर अपनी मनमानी चलाना चाहता है। मगर अब अमेरिकी शुल्क नीति की जद में आने के बाद उसके लिए भी आर्थिक मोर्चे पर नए हालात से निपटना एक चुनौती है। वहीं, जापान को अमेरिका के करीब माना जाता रहा है, लेकिन उसकी नई नीति की चपेट में वह खुद भी है। स्वाभाविक है कि जापान और चीन भी अमेरिकी शुल्क से उपजी स्थिति का सामना करने के लिए नए विकल्प खोजेंगे। अब अगर भारतीय प्रधानमंत्री की जापान और चीन की यात्रा के बाद किसी व्यापक आर्थिक सहयोग पर सहमति बनती है, तब यह नया कूटनीतिक मोर्चा होगा, जिसके जरिए अमेरिकी शुल्क की वजह से खड़ी व्यापार युद्ध की स्थिति का सामना करने की कोशिश होगी।

# छात्रों ने खोजा जुगाड़, खटारा बस खरीदकर बना लिया घर!

**जरा हट के**

छात्रों का दिमाग पढ़ाई में भले चले या न चले, मगर जुगाड़ के मामले में बहुत चलता है. इस बात का सबूत ऑक्सफोर्ड विश्विद्यालय के दो छात्र हैं जो मकान का किराया भरते-भरते इतना परेशान हो गए थे कि उन्होंने एक खटारा बस खरीद ली और फिर उसे घर बना लिया. उनके इस घर को अंदर से देखकर लोगों के होश उड़े जा रहे हैं. ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी के दो छात्रों ने बढ़ते किराए से परेशान होकर एक अनोखा कदम उठाया और टूटी-फूटी डबल डेकर बस को ही अपना नया घर बना लिया. 20 वर्षीय लियो बेवन और किट रेनशॉ अब इसी बस में रहते हैं जिसे उन्होंने फेसबुक मार्केटप्लेस से खरीदा. दिलचस्प बात ये है कि यह वही बस है जिसे कभी ब्रिटेन के पॉप ग्रुप Sugababes ने अपने टूर के लिए इस्तेमाल किया था. दोनों छात्र अपने कोर्स के आखिरी चरण में हैं. उनके किराए का खर्च प्रति वर्ष £9,000 से



£10,000 (10 लाख से 11 लाख रुपये) तक पहुंच रहा था. पहले साल लियो को छात्रावास के लिए £7,500 चुकाने पड़े थे, वहीं दूसरे साल उन्होंने साझा मकान में £6,500 किराया दिया. अंतिम वर्ष में £10,000 का किराया देना पड़ता, जो उनके लिए असंभव था. किट की स्थिति भी लगभग वैसी ही थी. पहले दो वर्षों में उन्होंने £4,500-£4,500 किराया दिया और आखिरी साल में उनसे £9,000 की मांग की गई.

लियो ने बताया कि अपने पिछले छात्रावास में आठ लोगों के साथ रहना पड़ता था जिससे उन्हें प्राइवेसी नहीं मिलती थी. साथ ही इतनी ऊंची रकम चुकाना संभव नहीं था. ऐसे हालात में उन्होंने जून 2024 में फेसबुक मार्केटप्लेस पर सिर्फ 30 मिनट में £5,000 (5.9 लाख रुपये) में यह 44 फीट लंबी बस खरीद ली. बस चलने की स्थिति में नहीं थी इसलिए उसे लिवरपूल से ऑक्सफोर्ड तक खींचकर लाने के लिए £1,300 (1.5 लाख रुपये) चुकाने पड़े. अब वे बस को एक पार्किंग एरिया में खड़ा कर £73 (8,690 रुपये) प्रति सप्ताह के हिसाब से शुल्क भरते हैं. इस तरह वे साल भर में लगभग £2,500 से £3,500 (2.9 लाख से 4 लाख रुपये) बचा लेंगे.

खाना-खज़ाना

# मसाला भात

**सामग्री :**

- बासमती या नॉर्मल चावल दो कप
- पानी चार कप
- तेल या घी तीन बड़े चम्मच
- जीरा एक छोटा चम्मच
- तेज पत्ता एक
- दालचीनी एक टुकड़ा
- लौंग दो से तीन
- बड़ी इलायची एक
- प्याज दो
- अदरक-लहसुन पेस्ट एक बड़ा चम्मच
- टमाटर दो
- हरी मिर्च
- गाजर आधा कप
- बीन्स टाधा कप
- मटर आधा कप
- शिमला मिर्च आधा कप
- हल्दी पाउडर आधा छोटा चम्मच
- लाल मिर्च पाउडर एक छोटा चम्मच
- धनिया पाउडर एक छोटा चम्मच
- गरम मसाला एक छोटा चम्मच
- नमक स्वादानुसार
- हरा धनिया



**विधि :**

चावल धोकर कम से कम 15 से 20 मिनट के लिए पानी में भिगो दें। अब एक कड़ाही में तेल या घी गरम करें। इसमें जीरा, तेज पत्ता, दालचीनी, लौंग और इलायची डालकर भून लें। इसके बाद अब इसमें प्याज डालकर सुनहरा होने तक भून लें। अदरक-लहसुन का पेस्ट और हरी मिर्च डालकर एक मिनट तक चलाएं। अब टमाटर डालकर नरम होने तक पका लें। अब इसमें हल्दी, लाल मिर्च, धनिया पाउडर और नमक डालें। इसके बाद सारी सब्जियां डालकर कुछ देर के लिए भून लें। अब भीगे हुए चावल डालकर मसाले और सब्जियों के साथ अच्छे से मिला लें। चार कप पानी डालें और ढककर मध्यम आंच पर पकाएं। जब चावल गल जाएं और पानी सूख जाए तो ऊपर से गरम मसाला और हरा धनिया डालकर ढक दें। गरमा-गरम वेज मसाला भात तैयार है। इसे रायता, पापड़ और सलाद के साथ सर्व कर सकती हैं। इसे आप लंच या डिनर में झटपट बना सकते हैं।

## आज का राशिफल

**मेष** : आय में वृद्धि तथा उन्नति मनोनुकूल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। पार्टनरों का सहयोग समय पर प्राप्त होगा। यात्रा की योजना बनेगी। घर-बाहर कुछ तनाव रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। स्थायी संपत्ति के कार्य बड़ा लाभ दे सकते हैं। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे।

**वृषभ** : पार्टी व पिकनिक का कार्यक्रम बनेगा। स्वादिष्ट व्यंजनों का लाभ मिलेगा। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल रहेंगे। रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। काम में मन लगेगा। शेयर मार्केट में लाभ रहेगा। नौकरी में सुविधाएं बढ़ सकती हैं। व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धन प्राप्ति सुगमता से होगी।

**मिथुन** : वाणी पर नियंत्रण रखें। चिंता तथा तनाव रहेंगे। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। आय में निश्चितता रहेगी। लाभ होगा। दु:खद सूचना मिल सकती है, धैर्य रखें। फालतू खर्च होगा। कुसंगति से बचें। बेकार की बातों पर ध्यान न दें। अपने काम पर ध्यान देने की आवश्यकता है।

**कर्क** : आत्मसम्मान बना रहेगा। उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। बड़ा काम करने का मन बनेगा। परिवार के सदस्यों की उन्नति के समाचार मिलेंगे। प्रसन्नता रहेगी। पारिवारिक सहयोग बना रहेगा। किसी व्यक्ति की बातों में न आएं, लाभ होगा। भूले-बिसरे साथी तथा आगंतुकों के स्वागत पर व्यय होगा।

**सिंह** : मित्रों का सहयोग व मार्गदर्शन प्राप्त होगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। यात्रा की योजना बनेगी। प्रसन्नता रहेगी। घर-बाहर प्रसन्नतादायक वातावरण रहेगा। नौकरी में चैन महसूस होगा। व्यापार से संतुष्टि रहेगी। संतान की चिंता रहेगी। प्रतिद्वंद्वी तथा शत्रु हानि पहुंचा सकते हैं।

**कन्या** : काम में लगन तथा उत्साह बने रहेंगे। मित्रों के साथ प्रसन्नतापूर्वक समय बीतेगा। यात्रा मनोनुकूल मनोरंजक तथा लाभप्रद रहेगी। भेंट व उपहार की प्राप्ति संभव है। व्यापार-व्यवसाय से मनोनुकूल लाभ होगा। घर-बाहर सफलता प्राप्त होगी। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी।

**तुला** : आय में निश्चितता रहेगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। जल्दबाजी न करें। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। बनते कामों में विघ्न आएंगे। चिंता तथा तनाव रहेंगे। जीवनसाथी से सामंजस्य बैठाएं। फालतू खर्च होगा। कुसंगति से बचें। बेवजह लोगों से मनमुटाव हो सकता है। बेकार की बातों पर ध्यान न दें।

**वृश्चिक** : व्यवसाय ठीक चलेगा। घर-बाहर प्रसन्नता बनी रहेगी। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा मनोरंजक रहेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। नौकरी में सुकून रहेगा। जल्दबाजी में कोई आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है। कानूनी अड़चन आ सकती है। विवाद न करें।

**धनु** : सामाजिक कार्य सफल रहेंगे। मान-सम्मान मिलेगा। कार्यसिद्धि होगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। घर-बाहर प्रसन्नता का माहौल रहेगा। पारिवारिक सहयोग प्राप्त होगा। बड़ा कार्य करने का मन बनेगा। सफलता के साधन जुटेंगे। जोखिम न उठाएं। नई योजना लागू करने का श्रेष्ठ समय है।

**मकर** : किसी राजनयिक का सहयोग मिल सकता है। लाभ के दरवाजे खुलेंगे। किसी जानकार प्रबुद्ध व्यक्ति का सहयोग प्राप्त होने के योग हैं। तंत्र-मंत्र में रुचि रहेगी। चोट व दुर्घटना से बचें। व्यस्तता रहेगी। थकान व कमजोरी महसूस होगी। विवाद से बचें। धन प्राप्ति होगी। प्रमाद न करें।

**कुंभ** : ऐश्वर्य के साधनों पर बड़ा खर्च होगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। चोट व दुर्घटना से बचें। आय में कमी रह सकती है। घर-बाहर असहयोग व अशांति का वातावरण रहेगा। अपनी बात लोगों को समझा नहीं पाएंगे। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। हितैषी सहयोग करेंगे। धनार्जन संभव है।

**मीन** : किसी वरिष्ठ व्यक्ति के सहयोग से कार्य की बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी। परिवार के लोग अनुकूल व्यवहार करेंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। नए लोगों से संपर्क होगा। आय में वृद्धि तथा आरोग्य रहेगा। चिंता में कमी होगी। जल्दबाजी न करें। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी।

-ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

# आपकी गलतियां ही छीन रही हैं बालों की खूबसूरती

### समय रहते कर लें सुधार, वरना हो जाएगी देर

स्ट्रॉन्ग, शाइनी और घने बाल हर किसी की खूबसूरती में चार चांद लगाते हैं। लेकिन कई बार हम जाने-अनजाने ऐसी आदतें अपना लेते हैं जो हमारे बालों की सेहत को अंदर ही अंदर नुकसान पहुंचा रही होती हैं। बालों की सही देखभाल केवल अच्छे शैम्पू या तेल तक ही सीमित नहीं होती, बल्कि हमारी दिनचर्या, खानपान और व्यवहार भी इसमें अहम भूमिका निभाते हैं। अगर आपके बाल बेजान, रूखे, झड़ते या कमजोर हो रहे हैं, तो हो सकता है इसकी वजह आपकी कुछ बेहद आम लेकिन नुकसानदायक आदतें हों। तो आइए जानते हैं ऐसी कुछ आदतों के बारे में जो आपके बालों को नुकसान पहुंचा सकती हैं-

### बार-बार बाल धोना

रोजाना शैम्पू करना बालों की नैचुरल नमी को खत्म कर देता है। इससे बाल रूखे, कमजोर और डल हो जाते हैं। हफ्ते में 2-3 बार शैम्पू करना बेहतर रहता है।

### गीले बालों में कंघी करना

गीले बाल सबसे ज्यादा नाजुक होते हैं। इस समय कंघी करने से वे आसानी से टूट सकते हैं। इसलिए बाल सूखने के बाद ही सुलझाना सुरक्षित रहता है।

### अधिक गर्म पानी से बाल धोना

गर्म पानी स्कैल्प के नैचुरल ऑयल को हटा देता है जिससे बाल



ड्राई और डैमेज हो जाते हैं। हमेशा गुनगुने या ठंडे पानी का इस्तेमाल करें।

### हीट स्टाइलिंग टूल्स का ज्यादा इस्तेमाल

ड्रायर, स्ट्रेटनर और कर्लर बालों की बनावट को नुकसान पहुंचाते हैं। इनका ज्यादा इस्तेमाल बालों को कमजोर और दोमुंहा बना देता है।

### टाइट हेयरस्टाइल बनाना

कसकर पोनीटेल या जूड़ा बनाने से बालों की जड़ें खिंचती हैं, जिससे हेयरफॉल की समस्या बढ़ सकती है।

### असंतुलित आहार और नींद की कमी

प्रोटीन, आयरन, बायोटिन और विटामिन्स की कमी से बाल कमजोर हो सकते हैं। साथ ही, पर्याप्त नींद ना लेने से भी बालों की ग्रोथ पर असर पड़ता है।

### गंदे तकिए का कवर इस्तेमाल करना

तकिए के कवर में जमा गंदगी और बैक्टीरिया स्कैल्प इन्फेक्शन का कारण बन सकते हैं। हफ्ते में 1-2 बार कवर जरूर बदलें।

### लगातार तनाव में रहना

लंबे समय तक स्ट्रेस में रहना हार्मोनल असंतुलन पैदा करता है, जिससे बाल झड़ने लगते हैं। ऐसे में योग, ध्यान और पर्याप्त आराम तनाव को कम कर सकते हैं। अगर आप इन आदतों में सुधार लाते हैं, तो आपके बालों की सेहत में भी निश्चित रूप से सुधार आएगा। स्वस्थ बालों के लिए सही देखभाल के साथ-साथ सही आदतें अपनाना बेहद जरूरी है।

# कॉफी को हेल्दी बनाने के 7 आसान तरीके

## स्वाद भी मिलेगा और सेहत भी रहेगी दुरुस्त

हम इंडियंस को चाय-कॉफी पीने का बहुत शौक होता है। सुबह उठते ही सबसे पहले चाय-कॉफी की तलाश करते हैं। इसे पीने से भले ही आपको तुरंत एनर्जी मिल जाती है, लेकिन अगर आप दिनभर में कई बार चाय और कॉफी पीते हैं तो ये आपकी सेहत को नुकसान पहुंचाने का भी काम करती है। ऐसे में क्यों न हेल्दी तरीके से इन्हें बनाया जाए, ताकि आप हर घूंट का मजा भी ले सकें।

आज हम आपको अपने इस लेख में कॉफी को बनाने के लिए कुछ हेल्दी टिप्स देने जा रहे हैं। जिसे अगर आप फॉलो करेंगे तो आपको कॉफी का स्वाद भी मिल जाएगा और ये नुकसान भी नहीं करेगी। लेकिन इसे भी आपको सीमित मात्रा में ही पीना चाहिए। आइए जानते हैं-



### कम मात्रा में पिएं

अगर आप अपनी कॉफी में कोई बदलाव नहीं करना चाहते हैं और बहुत ज्यादा कैफीन लेने से भी बचना चाहते हैं तो सबसे अच्छा तरीका है कि आप दिनभर में एक से दो कप कॉफी ही पिएं।

### दालचीनी का करें इस्तेमाल

कॉफी को हेल्दी बनाने के लिए आप दालचीनी का इस्तेमाल कर सकते हैं। क्योंकि दालचीनी एंटीऑक्सिडेंट का काम करती है। एंटीऑक्सिडेंट कैलोरी बढ़ाए बिना मिठास जोड़ने का एक शानदार तरीका मानी जाती है।

### नाश्ते में सिर्फ कॉफी न लें

अगर आप सुबह सोकर उठते ही एक कप कॉफी पीते हैं, तो आपको अपनी ये आदत बदल लेनी चाहिए। दरअसल, कॉफी में कैफीन मौजूद होता है और दिन की शुरुआत करने के लिए आपको प्रोटीन, विटामिन और फाइबर जरूर लेना चाहिए। ऐसे में खाली पेट कॉफी पीने से बचना चाहिए।

### प्लांट-बेस्ड दूध

कॉफी को हेल्दी बनाने के लिए आप नॉर्मल दूध के बजाय प्लांट बेस्ड कॉफी का इस्तेमाल कर सकती हैं। इनका स्वाद बहुत अच्छा होता है। जई, नारियल और बादाम से बना दूध कॉफी में स्वाद बढ़ा देता है और कॉफी भी बहुत क्रीमी लगती है।

### क्रीमर से बचें

कॉफी बनाते समय आपको क्रीमर चुनते समय भी सावधानी बरतनी चाहिए, क्योंकि इनमें से बहुत से चीनी और फैट से भरे होते हैं। कॉफी को मीठा करने के लिए शहद या मेपल सिरप जैसी चीजों को इस्तेमाल किया जा सकता है।

### फिल्टर वाला पानी

कॉफी बनाने के लिए आप फिल्टर किए हुए पानी का इस्तेमाल करना सही माना जाता है। क्योंकि सबसे ज्यादा बैक्टीरिया पानी में मौजूद होते हैं। यही कारण फिल्टर वाला पानी सेफ ऑप्शन है।

### कोकोआ एड करें

अगर आपको दालचीनी पसंद नहीं है, तो कोकोआ भी मिला सकते हैं। कोकोआ पाउडर सेहत के लिए फायदेमंद माने जाते हैं, जिसमें दिल की बीमारियों का खतरा कम होता है।

# अखरोट खाने का सही तरीका क्या है?

सेहतमंद रहने के लिए ड्राईफ्रूट्स का सेवन अधिक फायदेमंद. इनका सही तरह से सेवन करने से सेहत को कई तरह के लाभ भी होते हैं. अखरोट इनमें से एक है. अखरोट में ओमेगा-3 फैटी एसिड की अच्छी मात्रा होती है, जो स्वास्थ्य शरीर के साथ स्वस्थ मस्तिष्क के लिए भी अच्छा होता है. ज्यादातर लोग इसका सेवन सर्दियों में ही करते हैं. अन्य मौसम में खाने को लेकर लोगों में भ्रांतियां है. उनका मानना है कि गर्मियों में अखरोट खाएंगे तो ये शरीर को गर्मी करेगा. लेकिन, हेल्थ एक्सपर्ट की सलाह से खाएंगे तो सेहत को नुकसान नहीं, बल्कि लाभ होते हैं. इसके बस आपको खाने का सही तरीका पता होना चाहिए. अब जान लें सेहत लाभ के लिए अखरोट खाने का सही तरीका है?

**दूध उबालकर खाएं:** नोएडा की डाइटिशियन खुशबू शर्मा के मुताबिक, अखरोट को सीधे खाने के वजाय दूध में उबालकर खाएंगे तो अधिक पौष्टिकता मिलेगी. अखरोट को दूध में उबालकर रात को सोने से पहले गुनगुने दूध के साथ लेने से अधिक लाभ हो सकता है. रात में खाने से अखरोट की गर्मी कम होती है और यह दिल की बीमारियों के जोखिम को कम कर सकता है. इसके अलावा अखरोट और दूध खाने से कोलेस्ट्रॉल कम हो सकता है.

**शेक-स्मूदी में मिलाकर खाएं:** अखरोट को आप कई तरह से अपने आहार में शामिल कर सकते हैं. यदि आप शेक या स्मूदी के साथ इसका सेवन करेंगे तो और भी बेहतर होगा. इसके लिए आप अपने शेक या स्मूदी को अखरोट के टुकड़ों से सजा सकते हैं.

**भूनकर खाएं:** अखरोट को भूनकर खाना ज्यादा बेहतर है. इस तरह से खाने से शरीर को कई तरह के स्वास्थ्य लाभ होते हैं. इसके लिए आप सौंफ के बीज, धनिया के बीज और पुदीने की पत्तियां जैसी ठंडी जड़ी-बूटियों के साथ भूनकर खा सकते हैं. आप चाहें तो अखरोट को दही में मिलाकर खाएं.

**भिगोकर खाएं:** आप 2 अखरोट के टुकड़ों को रातभर पानी में भिगोकर रख सकते हैं. इसका सेवन सुबह खाली पेट करें. भीगे अखरोट के नियमित सेवन से वजन भी कंट्रोल होता है. अखरोट खाने से हमारे शरीर का मेटाबॉलिज्म बढ़ जाता है, इससे एक्स्ट्रा फैट को बर्न होने में मदद मिलती है.

उपरोक्त लेखों में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## खबरें गांव की...

### खौफनाक वारदात, खेत में अर्धनग्न हालत में मिली युवती की लाश, प्रेमी पर हत्या का आरोप

**अयोध्या.** यूपी के रामनगरी अयोध्या से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। जहां एक युवती का उसके गांव के बाहर खेत में अर्धनग्न हालत में शव मिला। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। साथ ही मामले की जांच पड़ताल में जुट गई। आशंका है कि युवती की गला घोटकर हत्या की गई है। वहीं मृतका के प्रेमी के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। ये घटना कैंट क्षेत्र के पलिया शाहाबादी गांव का है। बताया गया कि रविवार की सुबह पलिया शाहाबादी गांव निवासी सत्तू धान के खेत में सिंचाई के लिए गया तो उसने राम मूरत निषाद के धान के खेत के बगल एक युवती का अर्धनग्न हाल में पड़ा शव देखा। मृतका उसी के गांव की थी इसलिए वह उसको पहचान गया और मामले की जानकारी मृतका के परिवार और पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई। मृतका का सलवार उसके गले में कसा हुआ मिला है। जिसके कारण आशंका जताई जा रही है कि इसी सलवार से गला घोटकर उसकी हत्या की गई है। उधर, स्थानीय लोग दुष्कर्म किए जाने की भी आशंका जता रहे हैं। प्रकरण में शिकायत पर कैंट पुलिस ने हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है।

### महिला को घर में बंधक बनाकर दिनदहाड़े लूट

**अलीगढ़.** यूपी के अलीगढ़ में क्वार्सी थाना क्षेत्र के पॉश इलाके महावीर पार्क में शनिवार को दिनदहाड़े हेलमेट पहने नकाबपोश दो बदमाश एक मैरिज होम संचालक के घर में घुस गए। तमंचे के बल पर उनकी वृद्ध मां को बंधक बना लिया। हाथ-पैर बांधने के साथ मुंह में कपड़ा ठूंस दिया और 50 हजार रुपये की नकदी और लाखों रुपये के जेवरात लूटकर ले गए।

बदमाश स्प्लेंडर बाइक पर आए थे। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। महावीर पार्क स्थित राज हाउस निवासी कुलदीप वार्ष्णेय का गोंडा रोड पर राज पैलेस के नाम से मैरिज होम है। तिमंजिला घर में निचले तल पर उनकी 67 वर्षीय मां रामकुमारी गुप्ता अपने बड़े बेटे पंकज गुप्ता के साथ रहती हैं। पंकज दिव्यांग हैं। दूसरी मंजिल पर कुलदीप अपने परिवार के साथ रहते हैं। घटना शनिवार सुबह सवा 11 बजे की है। कुलदीप घर पर ही थे। पंकज मंदिर गए थे। इसी बीच दो बदमाश घर के मैन गेट को खोलते हुए अंदर घुस गए। रामकुमारी के पूछने पर बदमाशों ने कहा कि वो कहा हैं? वह कुछ समझ पातीं, इससे पहले ही बदमाशों ने कनपटी पर तमंचा तान दिया और कमरे में ले गए। दुपट्टे से हाथ बांध दिए। उसी दुपट्टे को मुंह में ठूंस दिया।

### चर्चित वकील अखिलेश दुबे से यारी में 4 इंस्पेक्टर, 2 दरोगा सस्पेंड; पुलिस कमिश्नर का ऐक्शन

**कानपुर.** रेप के झूठे मुकदमे करवाने और रंगदारी में जेल गए चर्चित वकील अखिलेश दुबे और भूमाफिया से यारी छह पुलिस कर्मियों को भारी पड़ गई। पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार ने कार्रवाई करते हुए सभी छह पुलिस कर्मियों को निलंबित कर दिया है।

निलंबित पुलिसकर्मियों में चार इंस्पेक्टर और दो सब इंस्पेक्टर शामिल हैं। सभी के खिलाफ अखिलेश दुबे से जुड़ाव के साक्ष्य मिले हैं। इनके खिलाफ विभागीय जांच चल रही है। जांच पूरी होने के बाद और बड़ी कार्रवाई होने की बात अधिकारी कर रहे हैं। तीन दिन पहले ही पनकी और बर्रा एसओ को हटाकर पुलिस लाइन भेजा गया था। बताया जा रहा है कि अखिलेश दुबे से यारी में कई और पुलिस कर्मी भी जांच के दायरे में आए हैं। जल्द ही कई और पर कार्रवाई हो सकती है।

# ड्रैगन और हाथी को साथ आना होगा

- **US से तनातनी के बीच मोदी से बोले जिनपिंग**
- **ट्रंप को भी मैसेज**



**शंघाई.** शंघाई सहयोग संगठन (SCO) शिखर सम्मेलन के मौके पर चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मुलाकात हुई। इस दौरान शी जिनपिंग ने कहा कि भारत और चीन को मित्र और अच्छे पड़ोसी बनना होगा। शी जिनपिंग ने अपने शुरुआती संबोधन में कहा, "दुनिया परिवर्तन के दौर से गुजर रही है। चीन और भारत दोनों प्राचीन सभ्यताओं के देश हैं, दुनिया की दो सबसे बड़ी जनसंख्या वाले राष्ट्र हैं और ग्लोबल साउथ का अहम हिस्सा हैं। ऐसे में ड्रैगन और हाथी को साथ आना जरूरी है।₹

उन्होंने इस साल को भारत-चीन राजनयिक संबंधों की 75वीं वर्षगांठ बताते हुए रिश्तों को रणनीतिक और दीर्घकालिक दृष्टिकोण से संभालने की अपील की। उन्होंने कहा, "हमें बहुपक्षवाद, बहुध्रुवीय विश्व और अंतरराष्ट्रीय संस्थानों में अधिक लोकतंत्र का समर्थन करना होगा और एशिया सहित पूरी दुनिया में शांति व समृद्धि के लिए मिलकर काम करना होगा।"

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत आपसी विश्वास, सम्मान और संवेदनशीलता के आधार पर चीन से रिश्ते आगे बढ़ाना चाहता है। मोदी ने जोर देकर कहा कि 2.8 अरब लोगों का कल्याण भारत-चीन सहयोग से जुड़ा है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि पिछले साल हुई डिसएंगेजमेंट प्रक्रिया के बाद सीमा पर शांति और स्थिरता बनी हुई है। मोदी ने यह भी बताया कि जल्द ही भारत और चीन के बीच सीधी उड़ानें फिर से शुरू होंगी और कैलाश मानसरोवर यात्रा भी बहाल की जाएगी।

प्रधानमंत्री मोदी शनिवार को तियानजिन पहुंचे। यह उनकी सात साल में पहली चीन यात्रा है। 2020 के गलवान घाटी संघर्ष के बाद दोनों देशों के रिश्तों में काफी तनाव देखा गया था। दोनों नेताओं की मुलाकात करीब एक साल बाद हुई है। पिछली बार वे अक्टूबर 2024 में मिले थे, जिसके बाद LAC पर सैन्य तनाव कम करने के लिए समझौता हुआ था।

# अमेरिका को चीन की धरती से सीधा संदेश

- **ब्रिक्स की मजबूती पर जोर; पुतिन ने बता दिया प्लान**



रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन रविवार को शंघाई सहयोग संगठन (SCO) शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए चीन के तियानजिन शहर पहुंचे। उन्होंने कहा कि रूस और चीन ने ब्रिक्स देशों के सामाजिक-आर्थिक विकास में बाधा डालने वाले 'भेदभावपूर्ण प्रतिबंधों' के खिलाफ एकजुट रुख अपनाया है। माना जा रहा है कि पुतिन ने चीन की धरती से अमेरिका को संदेश दिया है कि 'भेदभावपूर्ण प्रतिबंधों' के खिलाफ वे एकजुट हैं। पुतिन ने यह बातें चीन की सरकारी समाचार एजेंसी 'शिन्हुआ' से बातचीत में कही।

उन्होंने कहा कि रूस और चीन महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के लिए अतिरिक्त संसाधन जुटाने पर ध्यान दे रहे हैं और वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए ब्रिक्स की क्षमता को मजबूत करने के लिए एकजुट हैं। पुतिन ने कहा कि मॉस्को और बीजिंग ब्रिक्स सदस्यों और वैश्विक स्तर पर 'सामाजिक-आर्थिक विकास में बाधा डालने वाले भेदभावपूर्ण प्रतिबंधों' के खिलाफ साझा रुख अपनाते हैं। पुतिन ने कहा कि रूस और चीन अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष और विश्व बैंक में सुधार का समर्थन करते हैं।

पुतिन ने यह टिप्पणी ऐसे समय में की, जब अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ब्रिक्स देशों पर 10 प्रतिशत शुल्क लगाने की धमकी दे रहे हैं। ब्रिक्स एक अंतर-सरकारी संगठन है, जिसमें ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका शामिल हैं। सऊदी अरब, ईरान, इथियोपिया, मिस्र, अर्जेंटीना और संयुक्त अरब अमीरात इसके नए सदस्य हैं।

पुतिन ने उम्मीद जताई कि तियानजिन में होने वाला एससीओ शिखर सम्मेलन 10-सदस्यीय संगठन को नई गति देगा, समकालीन चुनौतियों और खतरों का सामना करने की इसकी क्षमता को मजबूत करेगा, तथा यूरेशियाई क्षेत्र में एकजुटता को बढ़ाएगा। उन्होंने कहा कि इससे अधिक न्यायसंगत बहुध्रुवीय वैश्विक व्यवस्था को आकार देने में मदद मिलेगी।

# इन शहरों के बीच भी चलेगी बुलेट ट्रेन, सर्वे का आदेश

**नई दिल्ली.** देश में बुलेट ट्रेन नेटवर्क के विस्तार की दिशा में सरकार तेजी से काम कर रही है। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने शुक्रवार को घोषणा की कि दक्षिण भारत में बुलेट ट्रेन परियोजना के लिए सर्वे का आदेश दिया गया है। नायडू ने कहा कि प्रस्तावित बुलेट ट्रेन नेटवर्क दक्षिण भारत के चार बड़े शहरों हैदराबाद, चेन्नई, अमरावती और बेंगलुरु को जोड़ेगा।

उन्होंने कहा, "बहुत जल्द दक्षिण भारत में बुलेट ट्रेन आने वाली है। इसके लिए सर्वे का आदेश दे दिया गया है। हैदराबाद, चेन्नई, अमरावती और बेंगलुरु— इन चार शहरों की आबादी पांच करोड़ से अधिक है और यह दुनिया का सबसे बड़ा बाजार है।"

इसी दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जापान की राजधानी टोक्यो से सेंदाई तक बुलेट ट्रेन में यात्रा की। उनके साथ जापानी प्रधानमंत्री शिगेरू इशिबा भी मौजूद थे।

टोक्यो स्थित जापानी दैनिक द योमिउरी शिम्बुन को दिए इंटरव्यू में पीएम मोदी ने कहा कि भारत ने देशभर में 7,000 किलोमीटर लंबा हाई-स्पीड रेल नेटवर्क विकसित करने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने कहा, "मुंबई-अहमदाबाद हाई-स्पीड रेल परियोजना प्रगति पर है। हमने इससे भी बड़ा सपना रखा है।

### भारत में संभावित बुलेट ट्रेन मार्ग

राष्ट्रीय रेल योजना में पहले से ही कई संभावित हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर का उल्लेख किया गया है। इनमें दिल्ली–वाराणसी, दिल्ली – अहमदाबाद, मुंबई – नागपुर, मुंबई – हैदराबाद, चेन्नई – मैसूर, दिल्ली – अमृतसर और वाराणसी – हावड़ा जैसे रूट शामिल हैं।

### 9वीं की छात्रा से चाकू की नोक पर 6 बार रेप

**गोपालगंज.** बिहार के गोपालगंज में एक नौवीं का छात्रा को बदमाश ने 6 बार हवस का शिकार बनाया। जिले के विजयीपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में विगत 26 अगस्त को एक नौवीं कक्षा की छात्रा के साथ घर में घुसकर रेप किया। बदमाश ने चाकू का भय दिखाकर दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। पीड़िता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर पुलिस कार्रवाई में जुट गई है। आरोपी फिलहाल पुलिस की पकड़ से बाहर है। उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है। आरोपी गांव का ही एक युवक है जिसे लड़की जानती है। पीड़िता के बयान पर आरोपी युवक के खिलाफ शुक्रवार को प्राथमिकी दर्ज की गई।

# रिजिजू बोले-वे चर्चा नहीं चाहते, ये सिर्फ पॉलिटिकल ड्रामा

- **इससे विपक्ष का नुकसान, हमारा बहुमत, हमें कोई समस्या नहीं**

**नई दिल्ली.** केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने राहुल गांधी का नाम लिए बिना कहा कि अगर किसी दल का नेता बहस या चर्चा में रुचि नहीं रखता और सिर्फ राजनीतिक ड्रामा करना चाहता है तो विपक्ष का नुकसान हो रहा है, सरकार का नहीं।



किरेन रिजिजू ने कहा- सरकार बहुमत में है और चाहे तो विधेयक पास करवा लेगी, लेकिन इससे विपक्ष के सांसदों का ही नुकसान होगा। रिजिजू बोले- सांसद जनता की आवाज उठाने आए हैं

संसदीय कार्य मंत्री रिजिजू शनिवार (30 अगस्त) को बेंगलुरु में 'दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र की संसदीय प्रणाली' विषय पर वकीलों के संगठन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, 'मैं युवा सांसदों से कहता हूं कि जब आपका नेता आपको संसद में हंगामा करने के लिए कहे तो उसका विरोध करें। आप संसद में जनता की आवाज उठाने के लिए आए हैं, न कि केवल हंगामा करने के लिए।'

### विपक्षी सांसदों ने स्पीकर की चेयर की तरफ कागज फेंके थे

संसद में 12 अगस्त को दोनों सदनों में बिहार SIR (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन यानी वोटर लिस्ट वेरिफिकेशन) पर चर्चा की मांग को लेकर विपक्ष ने हंगामा किया। इसके चलते लोकसभा और राज्यसभा स्थगित कर दी गई। शाम 4:30 बजे लोकसभा की कार्यवाही शुरू होते ही हंगामा होने लगा।

# प्राकृतिक आपदाएं देश की परीक्षा ले रही हैं : पीएम मोदी

**नई दिल्ली.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को मन की बात के 125वें कार्यक्रम के जरिए देश के नाम अपना संदेश दिया। मन की बात कार्यक्रम में पीएम मोदी ने हाल में आई प्राकृतिक दुर्घटनाओं, जम्मू-कश्मीर की उपलब्धि, शहडोल के फुटबॉल गांव का जिक्र, सोलर लाइट से किसानों को लाभ और स्वदेशी अपनाने मुद्दों पर बात की। इतना ही नहीं उन्होंने त्योहारों के मौसम में स्वदेशी अपनाने पर भी जोर दिया।




सबसे पहले मॉनसून के मौसम में देश के विभिन्न राज्यों में आ रही प्राकृतिक आपदाओं का जिक्र किया। इसके साथ ही उन्होंने बचाव कर्मियों द्वारा चलाए जा रहे सुरक्षा अभियान का भी जिक्र किया। पीएम मोदी ने कहा,₹इस मॉनसून के मौसम में, प्राकृतिक आपदाएं देश की परीक्षा ले रही हैं। पिछले कुछ हफ्तों में बाढ़ और भूस्खलन से भारी तबाही देखी है। घर तबाह हो गए, खते खराब हो गए। कई परिवार बर्बाद हो गए। पानी के निरंतर प्रवाह ने पुलों को बहा दिया है। हर भारतीय इन घटनाओं से दुखी है। जिन परिवारों ने अपने प्रियजनों को खो दिया है, उनका दर्द हम समझ सकते हैं।₹

### जम्मू-कश्मीर की खास उपलब्धियां

पीएम मोदी ने बाढ़ और बारिश के कारण हुई तबाही के बीच पीएम मोदी ने जम्मू-कश्मीर में हुए खेल कार्यक्रमों का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर ने दो विशेष उपलब्धियां हासिल की हैं। बहुत से लोगों ने इस पर ध्यान नहीं दिया। लेकिन आपको इन्हें जानकर खुशी होगी। पुलवामा के एक स्टेडियम में हजारों लोग इकट्ठे हुए। यहां पर पहला डे-नाइट मैच खेला गया। इसके अलावा वॉटर स्पोर्ट्स का आयोजन डल लेक में हुआ। पहले यह सब असंभव लगता था, लेकिन अब मेरा देश बदल रहा है।

### UPSC में असफल लोगों के लिए प्रतिभा सेतू

इसके साथ ही प्रधानमंत्री मोदी ने प्रतिभा सेतू प्लेटफार्म का भी जिक्र किया। इसके तहत उन्होंने कहा, "यूपीएससी की परीक्षा में कई लोग सफल होते हैं लेकिन इसकी सच्चाई यह भी है कि हजारों युवा इसमें मामूली अंतर से चूक जाते हैं। इसलिए ऐसे होनहारों के लिए एक डिजिटल प्लेटफार्म तैयार किया गया है। इसमें उन लोगों का नाम रखा गया है, जिन्होंने यूपीएससी की किसी न किसी परीक्षा के सभी चरणों को पास किया लेकिन अंतिम सूची में जगह नहीं बना पाए। अभी तक इस प्लेटफार्म पर हजारों युवाओं का नाम है। यहां से इन लोगों को प्राइवेट कंपनियां अपने यहां नौकरी दे सकती है। इसका परिणाम भी सामने आना शुरू हो गया है। कई लोगों को इसके जरिए नौकरी मिली है।"

# बिहार में अपने दम पर लड़ेगी बसपा

- **मायावती ने कर दिया ऐलान**

**लखनऊ.** बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर इन दिनों सियासी दलों की तैयारियां जोरों-शोरों पर हैं। यूपी में हार चुकी बसपा की नजर अब बिहार विधानसभा चुनाव पर टिकी है। बसपा बिहार में भी विधानसभा चुनाव लड़ेगी। बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने अकेले दम पर चुनाव लड़ने का ऐलान भी कर दिया। रविवा को उन्होंने कहा कि बिहार चुनाव को लेकर पिछले दो दिन तक चली समीक्षा बैठक में उम्मीदवारों के चयन सहित पार्टी के हर स्तर की तैयारियों को लेकर वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ बैठक करने के बाद आने वाले दिनों में पार्टी के विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा को अंतिम रूप दिया जाएगा। इसकी जानकारी सोशल मीडिया एकाउंट एक्स पर देते हुए बसपा सुप्रीमो मायावती ने यह घोषणा की है।



मायावती ने कहा कि बैठक में पार्टी पदाधिकारियों को कमियों को दूर करके पूरी मुस्तैदी व तन, मन, धन से आगे बढ़ने का निर्देश दिया गया है। साथ ही उन्हें अगले महीने के प्रारंभ से शुरू होने वाले पार्टी की यात्रा व जनसभा आदि कार्यक्रमों के सम्बंध में विशेष जिम्मेदारी भी सौंपी गयी है। मायावती ने कहा कि सभी कार्यक्रम उनके दिशा निर्देशन में होने के साथ ही इसकी जिम्मेदारी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक आकाश आनन्द व केन्द्रीय कोआर्डिनेटर व राज्यसभा सांसद रामजी गौतम तथा बीएसपी बिहार स्टेट यूनिट को सौंपी गयी है।

उन्होंने कहा कि बिहार एक बड़ा राज्य है और इसीलिए वहां की ताज़ा ज़रूरतों को देखते हुये राज्य की सभी विधानसभा सीटों को तीन ज़ोन में बांट कर पार्टी के वरिष्ठ लोगों को अलग-अलग से उसकी जिम्मेदारी सौंपने का फैसला भी बैठक में लिया गया। मायावती ने कहा कि बिहार में पार्टी की अपनी तैयारी के साथ-साथ वहां राज्य के तेज़ी से बदलते हुये राजनीतिक हालात एवं चुनावी समीकरण आदि को देखते हुए पार्टी द्वारा बेहतर रिज़ल्ट लाने का आश्वासन पार्टी के लोगों ने दिया है।

# केरल लीग के एक ओवर में 40 रन बने



- **13 गेंद पर सलमान निजार के 11 छक्के**
- **86 रन बनाए, एक भी चौका नहीं लगाया**

केरल क्रिकेट लीग में एक ओवर में 40 रन बन गए। लेफ्ट हैंड बैटर सलमान निजार ने पारी की आखिरी 13 गेंदों पर 11 छक्के लगाए। उन्होंने 26 गेंद पर 86 रन की पारी खेली, जिसमें एक भी चौका नहीं लगाया। उन्होंने 12 छक्के लगाकर 330.77 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए। तिरुवनंतपुरम में कैलिकट ग्लोबस्टार्स से खेलते हुए निजार की फिफ्टी ने टीम को 20 ओवर में 186 रन तक पहुंचा दिया। इसके जवाब में अदाणी त्रिवेंद्रम रॉयल्स की टीम 173 रन पर सिमट गई। निजार प्लेयर ऑफ द मैच रहे।

### आखिरी ओवर में 40 रन बनाए

त्रिवेंद्रम टीम से आखिरी ओवर अभिजीत प्रवीण लेकर आए, यह पारी में उनका पहला ही ओवर था। पहली गेंद पर निजार ने लॉन्ग ऑफ की दिशा में छक्का लगा दिया। अगली गेंद वाइड रही। फिर अगली गेंद गेंदबाज ने नो-बॉल फेंक दी, जिस पर 2 रन बन गए।

निजार ने फिर दूसरी से छठी गेंद तक लगातार 5 छक्के लगाए और टीम का स्कोर 186 रन तक पहुंचा दिया। इस ओवर में उन्होंने बैकवर्ड पॉइंट की दिशा में 3 छक्के लगाए। वहीं मिड-विकेट और लॉन्ग ऑफ की ओर 1-1 छक्का लगाया। निजार ने 20 गेंद पर फिफ्टी पूरी की और 26 गेंद पर 86 रन के साथ अपनी पारी खत्म की। उनकी पारी में कुल 12 छक्के रहे, लेकिन चौका एक भी नहीं रहा।

त्रिवेंद्रम टीम से थम्पी और अभिजीत ने ही स्पेल में 35 से ज्यादा रन दिए। बाकी 4 गेंदबाजों की इकोनॉमी 8.50 से कम ही रही। राइट आर्म बॉलर निखिल एम ने अपने 3 ओवर में महज 20 रन देकर 2 विकेट लिए थे। इसके बावजूद उनसे 20वां ओवर नहीं करवाया गया, जिसमें 40 रन बने।

# सुप्रीम कोर्ट- रामसेतु को लेकर केंद्र को नोटिस जारी

- **राष्ट्रीय स्मारक घोषित करने पर जवाब मांगा**
- **सुब्रमण्यम स्वामी की याचिका स्वीकार**



**नई दिल्ली.** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को रामसेतु को राष्ट्रीय स्मारक घोषित करने की मांग से जुड़ी याचिका पर केंद्र सरकार से जवाब मांगा। शीर्ष अदालत ने पूर्व राज्यसभा सांसद सुब्रमण्यम स्वामी की याचिका पर नोटिस जारी किया है। जस्टिस विक्रम नाथ और संदीप मेहता की बेंच ने स्वामी की याचिका पर सुनवाई के लिए सहमति देते हुए केंद्र से चार हफ्ते में जवाब देने को कहा है। स्वामी ने अपनी याचिका में 19 जनवरी 2023 को सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए गए आदेश का हवाला दिया है।

उस समय केंद्र ने स्वामी की ही याचिका की सुनवाई के दौरान कोर्ट को बताया था कि रामसेतु को राष्ट्रीय धरोहर घोषित करने के मुद्दे पर विचार किया जा रहा है। कोर्ट ने केंद्र से इस पर निर्णय लेने को कहा था और स्वामी को यह स्वतंत्रता दी थी कि यदि वे संतुष्ट न हों तो दोबारा कोर्ट आ सकते हैं। स्वामी की नई याचिका में कहा गया है, 19 जनवरी 2023 के आदेश के बाद उन्होंने 27 जनवरी 2023 को केंद्र को सभी दस्तावेजों के साथ एक प्रतिनिधित्व सौंपा था। इसके बाद 13 मई 2025 को उन्होंने एक और नया प्रतिनिधित्व भेजा, लेकिन अब तक न तो उन्हें और न ही सुप्रीम कोर्ट को कोई जवाब मिला है। याचिका में मांग की गई है कि संस्कृति मंत्रालय को सुप्रीम कोर्ट के 19 जनवरी 2023 के आदेश के अनुसार स्वामी के प्रतिनिधित्व पर जल्द से जल्द और समयबद्ध तरीके से निर्णय लेने का निर्देश दिया जाए।

### स्वामी बोले- रामसेतु आस्था का प्रतीक है

स्वामी की याचिका में कहा गया है कि रामसेतु एक पुरातात्विक स्थल होने के साथ-साथ करोड़ों लोगों की आस्था और श्रद्धा का केंद्र भी है। याचिका में कहा गया है कि वैज्ञानिक और पुरातात्विक अध्ययन इस बात के प्रमाण हैं कि यह मानव निर्मित संरचना है, जिसे श्रद्धालु तीर्थस्थल मानते हैं।

### स्वामी ने पहली याचिका 2007 में दायर की थी

राम सेतु को राष्ट्रीय धरोहर घोषित करने की मांग कई सालों से उठ रही है। साल 2007 में सुब्रमण्यम स्वामी ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। यह याचिका सेतु समुद्रम शिप चैनल परियोजना के खिलाफ थी। इस परियोजना के तहत, सरकार 83 किलोमीटर लंबी एक नहर बनाने की योजना पर काम कर रही थी, जो मन्नार की खाड़ी और पाक जलडमरूमध्य को जोड़ती। इसके लिए, समुद्र में बड़े पैमाने पर ड्रेजिंग किया जाना था। आरोप था कि इस परियोजना से राम सेतु को नुकसान पहुंच सकता है। स्वामी का कहना है कि इसी वजह से उन्होंने मांग की है कि राम सेतु को राष्ट्रीय धरोहर का दर्जा दिया जाए, ताकि इसे बचाया जा सके।

# पलक झपकते ही दुश्मन का काम तमाम

- **खूंखार 'भैरव कमांडो' तैयार कर रही सेना**
- **अक्टूबर में तैनाती**



**नई दिल्ली.** भारतीय सेना ने पाकिस्तान और चीन से लगी सीमाओं पर त्वरित और प्रभावी हमले की क्षमता को बढ़ाने के लिए पांच 'भैरव' लाइट कमांडो बटालियनों की स्थापना शुरू कर दी है। प्रत्येक बटालियन में 250 विशेष रूप से प्रशिक्षित और सुसज्जित सैनिक होंगे। सूत्रों के अनुसार, सेना का लक्ष्य है कि 31 अक्टूबर तक पहली पांच यूनिट तैयार हो जाएं, हालांकि इसमें थोड़ा और समय लग सकता है। सेना की योजना मौजूदा सैनिकों से कुल 23 ₹फुर्तीली और घातक₹ भैरव बटालियनों को चरणबद्ध तरीके से तैयार करने की है, ताकि नियमित पैदल सैनिकों और विशेष बलों (पैरा-स्पेशल फोर्सेस) के बीच की खाई को पाटा जा सके।

### पांच भैरव यूनिट का गठन

टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, पहली पांच भैरव यूनिट में से तीन उधमपुर स्थित उत्तरी कमान के तहत स्थापित की जा रही हैं। इनमें लेह के 14 कोर, श्रीनगर के 15 कोर और नगरोटा के 16 कोर के लिए एक-एक यूनिट शामिल है। चौथी यूनिट पश्चिमी क्षेत्र के रेगिस्तानी इलाके में और पांचवीं यूनिट पूर्वी क्षेत्र के पहाड़ी इलाके में तैयार की जा रही है। 11.5 लाख सैनिकों वाली भारतीय सेना इन भैरव कमांडो को अपनी 415 नियमित पैदल सेना बटालियनों (प्रत्येक में 800 सैनिक) से ₹बचत और गठन₹ अवधारणा के तहत चुन रही है, जिसमें नए सैनिकों की भर्ती शामिल नहीं है।

### उन्नत हथियारों और तकनीक से लैस

रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से लिखा है कि नियमित पैदल सेना बटालियनों की तुलना में भैरव यूनिट छोटी और अधिक फुर्तीली होंगी। इन्हें लेटेस्ट हथियारों, उपकरणों और ड्रोनों से लैस किया जाएगा। ये यूनिट स्पीड, लचीलापन और उच्च प्रभाव वाली सामरिक कार्रवाइयों के लिए तैयार होंगी। ये बटालियनें सेना की मौजूदा 10 पैरा-स्पेशल फोर्सेस और पांच पैरा (एयरबोर्न) बटालियनों के अतिरिक्त होंगी, जिनमें प्रत्येक में 620 सैनिक होते हैं, जो कठिन प्रशिक्षण के बाद चुने जाते हैं और विशेष हथियारों व उपकरणों से सुसज्जित होते हैं। हालांकि विशेष बलों को उच्च जोखिम वाले वातावरण में गुप्त मिशनों, विशेष रूप से दुश्मन की सीमा के पीछे, के लिए तैयार किया जाता है.

# लखनऊ में घर में चल रही पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट

- **2 लोगों की मौत; 5 घायल**

**लखनऊ.** यूपी की राजधानी लखनऊ के गुडंबा थाना क्षेत्र की एक पटाखा फैक्ट्री में जबरदस्त धमाका हुआ है। इस दुर्घटना में दो लोगों की दर्दनाक मौत हो गई जबकि पांच से ज्यादा लोग गंभीर रूप से घायल हैं। दो लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है। हादसा इतना जबरदस्त था कि पूरा मकान ही धाराशायी हो गया। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पांच दमकल गाड़ियों के साथ फायर ब्रिगेड पहुंचा और राहत और बचाव के काम में जुट गया है। रेस्क्यू ऑपरेशन अब भी जारी है। धमाके के बाद से मौके पर अफरा-तफरी मची हुई है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने हादसे का संज्ञान लेते हुए राहत और बचाव के काम में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। बताया जा रहा है कि आलम नाम के शख्स के मकान में अवैध ढंग से पटाखा फैक्ट्री चल रही थी। घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। धमाके के चलते आसपास की कुछ इमारतें भी प्रभावित हुई हैं। फायर ब्रिगेड के जवान जोर शोर से राहत और बचाव के काम में जुटे हुए हैं। दुर्घटना की सूचना पर पुलिस और प्रशासन के बड़े अफसर भी मौके पर पहुंचे हैं।

**संक्षेप...**

## गैरेज में लगी भीषण आग

**पनवेल.** पनवेल के पास आकुर्ली स्थित एक गैरेज में अचानक आग लग गई, आग लगने के बारे में नागरिकों ने तुरंत स्थानीय पुलिस के साथ-साथ दमकल विभाग को सूचना दी, जिसके बाद पनवेल महानगरपालिका के दमकल की टीम तुरंत मौके पर पहुंची और आग बुझाने का काम किया. आग लगने का कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है.

इस भीषण आग की वजह से गैरेज में खड़े कई वाहन क्षतिग्रस्त हो गए. पनवेल महानगरपालिका के दमकल विभाग से मिली जानकारी के अनुसार आकुर्ली स्थित साईं सज्ज निवास बिल्डिंग के पास उक्त गैरेज है, जिसमें बड़ी संख्या में वाहनों की मरम्मत का काम किया जाता था.

# मुंबई में जरांगे की भूख हड़ताल जारी





**मुंबई.** मनोज जरांगे पाटिल के नेतृत्व वाले मराठा प्रदर्शनकारियों और महाराष्ट्र सरकार के बीच गतिरोध दूसरे दिन भी जारी रहा। आज पहले दौर की वार्ता भी विफल रही। जबकि महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस मराठा बनाम ओबीसी आरक्षण मुद्दे से उत्पन्न स्थिति से निपटने के लिए नए विकल्प तलाशने की कोशिश कर रहे हैं। मुंबई के ऐतिहासिक आजाद मैदान में अपने समर्थकों को संबोधित करते हुए जरांगे पाटिल ने कहा कि मैंने एक दिन पहले ही भूख हड़ताल शुरू की है, अगर जरूरत पड़ी तो मैं पानी भी छोड़ दूंगा।

जरांगे पाटिल मराठों को कुनबी के रूप में घोषित कर उन्हें ओबीसी के कोटे के अंतर्गत ही आरक्षण देने की मांग कर रहे हैं। कुनबी ओबीसी के तहत एक उप-जाति है। ऐसा करने से ओबीसी समाज को मिल रहा 27 प्रतिशत कोटा कमजोर होगा। इसीलिए महाराष्ट्र सरकार ने पिछले विधानसभा चुनाव से पहले आर्थिक रूप से पिछड़े मराठा समाज को शिक्षा एवं नौकरियों में 10 प्रतिशत आरक्षण देने की व्यवस्था की है। ऐसे समय में जब महायुति को भारी बहुमत प्राप्त है, भाजपा के नेतृत्व वाले महायुति गठबंधन को मराठों और ओबीसी दोनों को खुश रखना होगा।

सरकार को जिन प्रमुख मुद्दों पर ध्यान देने की आवश्यकता है, उनमें से एक मराठा-ओबीसी संघर्ष से निपटना भी शामिल है। जरांगे पाटिल ने कहा कि न्यायमूर्ति शिंदे के नेतृत्व में बनी समिति पिछले 13 महीनों से इस मुद्दे से संबंधित राजपत्रों का अध्ययन कर रही थी। अब समय आ गया है कि पैनल अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करे ताकि मराठों को कुनबी का दर्जा दिलाने का मार्ग प्रशस्त हो सके।

जरांगे ने कहा मराठवाड़ा में मराठों को कुनबी घोषित कर उन्हें आरक्षण दिया जाना चाहिए। इसके लिए हैदराबाद और सातारा राजपत्रों को कानून बनाया जाना चाहिए।

### अमित शाह की फडणवीस एवं शिंदे से चर्चा

इस बीच मुंबई में मराठा आरक्षण की मांग को लेकर आंदोलन और ओबीसी प्रतिरोध के जवाबी आंदोलन की पृष्ठभूमि में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे से अनौपचारिक मुलाकात की और दोनों विरोध प्रदर्शनों से उत्पन्न महाराष्ट्र की स्थिति पर चर्चा की। महाराष्ट्र सरकार राज्य में जातिगत संघर्ष से बचना चाहती है और यह सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है कि स्थिति नियंत्रण से बाहर न हो जाए।

जवाब में न्यायमूर्ति शिंदे ने कहा कि उन्हें ऐसी रिपोर्ट देने का अधिकार नहीं है। यह पिछड़ा वर्ग आयोग का काम है। पूर्व न्यायाधीश ने कहा कि जाति प्रमाण पत्र व्यक्तियों को दिया जाता है, पूरे समुदाय को नहीं। बाद में न्यायमूर्ति शिंदे ने कैबिनेट उप-समिति को भी जरांगे के साथ हुई बातचीत की जानकारी दी।

### ओबीसी समाज का भी विरोध प्रदर्शन शुरू

अन्य पिछड़ा वर्ग के 27 प्रतिशत कोटे के तहत आरक्षण पाने की मराठा समुदाय की मांग के विरोध में ओबीसी समुदाय ने शनिवार को नागपुर के संविधान चौक पर क्रमिक भूख हड़ताल शुरू कर दी है।



**ठाणे मनपा मुख्यालय परिसर में रविवार, 31 अगस्त को 'स्थानीय स्वशासन दिवस' मनाया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त आयुक्त संदीप मालवी ने मनपा ध्वज फहराया। इस अवसर पर उपायुक्त (सूचना एवं जनसंपर्क) उमेश बिरारी, मुख्य अग्निशमन अधिकारी गिरीश झलके, महिला एवं बाल विकास अधिकारी दयानंद गुंडप अग्निशमन कर्मी, सुरक्षाकर्मी और मनपा कर्मचारी उपस्थित थे।**

## सार्वजनिक गणेश मंडल द्वारा संविधान दिवस की प्रस्तुति

**उल्हास विकास संवाददाता**



**भिवंडी.** भिवंडी शहर में सार्वजनिक गणेशोत्सव मंडलों द्वारा गणेश भक्तों को गणेश की अलग अलग प्रतिमूर्ति निर्माण कर भक्तों को दर्शन कराया जा रहा है.भिवंडी स्थित भीमेश्वर मंदिर, ब्राह्मण आली, वक्रतुंड गणेश उत्सव मंडल ने सार्वजनिक गणेश पांडाल में दर्शकों के लिए सम्मान अमृत महोत्सव का दृश्य प्रस्तुत किया है.इसमें भारतीय संविधान सम्मान के 75 वर्षों का दृश्य प्रस्तुत किया गया है.मुख्य मंडप के प्रवेश द्वार पर भारतीय संविधान की प्रस्तावना रखी गई है.श्री गणेश प्रतिमा के पीछे संविधान पुस्तक की प्रतिकृति बनाई गई है.पुराने संसद भवन और नए संसद भवन को दिखाकर संसद और संविधान के महत्व को समझाया गया है.

उक्त जानकारी भीमेश्वर मंदिर सचिव मयूरेश घुले ने देते हुए बप्पा भक्तों से दर्शन का लाभ उठाने की अपील की.

## सरकारी बाल सुधार गृह से भागी छह लड़कियों में से दो बरामद

- **सुधारगृह में नहीं रहना चाहती लड़कियां**

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर शहर में स्थित एक सरकारी बाल सुधार गृह से छह लड़कियाँ भाग निकलीं, जिसके बाद पुलिस ने तलाशी शुरू की और उनमें से दो को बरामद कर लिया। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। यह घटना बुधवार दोपहर को हुई। एक अधिकारी ने बताया कि जब प्रवेश द्वार की सुरक्षा के लिए तैनात सुरक्षाकर्मी दोपहर के भोजन के लिए गए हुए थे, तब ये लड़कियाँ बाल सुधार गृह के मुख्य द्वार की चाबी हासिल करने में कामयाब रहीं और भाग निकलीं। ये लड़कियाँ मीरा-भयंदर और मुंबई सहित ठाणे जिले के विभिन्न इलाकों की रहने वाली थीं। भागने के बाद, हिल लाइन पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया और पुलिस उपायुक्त सचिन गोरे के नेतृत्व में तलाशी अभियान चलाया गया। उन्होंने बताया कि पुलिस टीमों ने मीरा-भयंदर स्थित उनके घरों से भागी हुई दो लड़कियों को ढूंढ निकाला और उन्हें वापस बाल सुधार गृह लाया गया। उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान, लड़कियों ने जाँचकर्ताओं को बताया कि वे इस सुधार गृह में नहीं रहना चाहतीं। उन्होंने आगे बताया कि बाकी चार नाबालिगों का पता लगाने के प्रयास जारी हैं। अधिकारी ने बताया कि किशोर गृह के एक अधिकारी की शिकायत के आधार पर 28 अगस्त को भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 137 (1) के तहत अपहरण का मामला दर्ज किया गया है।

## नाले में मिला महिला का कटा सिर

- **जांच में जुटी पुलिस**

**भिवंडी.** भिवंडी में एक नाले में एक महिला का कटा हुआ सिर मिला है. जिससे इलाके में सनसनी फैल गई. स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी और मौके पर पहुंची पुलिस ने अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया है. इस बात की जानकारी अधिकारियों ने रविवार को एक न्यूज एजेंसी को दी.



जानकारी के अनुसार शनिवार सुबह करीब 11.30 बजे किसी राहगीर ने भिवंडी इलाके में ईदगाह रोड पर एक बूचड़खाने के पास नाले में एक अज्ञात महिला का कटा हुआ सिर देखा. महिला की उम्र 25 से 30 साल के बीच बताई जा रही है.

### पुलिस ने शुरू की जांच

भिवंडी पुलिस नियंत्रण कक्ष के एक अधिकारी ने बताया कि सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने कटे हुए सिर को कब्जे में ले लिया. इसके बाद उसे एक अस्पताल में भेजवाया. फिलहाल मामले में भारतीय न्याय संहिता की धारा 103(1) (हत्या) और 238 (साक्ष्य नष्ट करना) के तहत अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है.

मामले की जांच शुरू कर दी गई है. महिला की पहचान अभी नहीं हो सकी है. ऐसे में उसकी पहचान के लिए स्थानीय लोगों की भी मदद ली जा रही है. साथ ही आसपास लगे सीसीटीवी को भी चेक किया जा रहा है.

## ठाणे आर्थिक अपराध शाखा से जुड़ी महिला सिपाही ने बदलापुर में आत्महत्या की

**ठाणे.** ठाणे पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा से जुड़ी 36 वर्षीय एक महिला कांस्टेबल ने एक आवासीय परिसर की तीसरी मंजिल से कूदकर कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी।



उन्होंने बताया कि यह घटना शुक्रवार रात साढ़े आठ बजे बदलापुर में हुई। बदलापुर पश्चिम थाने के वरिष्ठ निरीक्षक किशोर शिंदे ने बताया, "महिला सिपाही को अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है। हमने आकस्मिक मृत्यु का मामला दर्ज किया है।" अधिकारी ने बताया कि महिला सहजीवी संबंधों में रह रही थी और सभी पहलुओं की जांच की जा रही है।

### 11 साल की बेटी से की दरिंदगी

**नवी मुंबई.** खारघर में पुलिस ने एक 50 वर्षीय व्यक्ति को अपनी 11 साल की सौतेली बेटी के साथ यौन उत्पीड़न के आरोप में गिरफ्तार किया है. यह घटना 12 अगस्त को पीड़िता के घर पर हुई थी, लेकिन पीड़िता की मां ने गुरुवार को अपनी बेटी के दर्दनाक अनुभव को जानने के बाद शिकायत दर्ज की. इसके बाद से आरोपी फरार था. पीड़िता की मां ने लगभग छह महीने पहले आरोपी से शादी की थी.



## 'लालबाग का राजा' के दर्शन को पहुंचे राज ठाकरे

**मुंबई.** नवनिर्माण सेना (मनसे) प्रमुख राज ठाकरे भगवान गणेश का आशीर्वाद लेने के लिए प्रतिष्ठित लालबागचा राजा पंडाल गए। अपने परिवार के साथ, ठाकरे उन हज़ारों भक्तों में शामिल हुए जो दर्शन के लिए मंडल में उमड़े थे। उन्होंने पूजा-अर्चना की और पंडाल में समय बिताया, जहाँ वार्षिक उत्सव के लिए शहर की सबसे बड़ी मूर्तियों में से एक स्थापित की गई है। यह दौरा 10 दिवसीय गणेश चतुर्थी उत्सव के बीच हो रहा है, जिसमें लाखों भक्त मुंबई भर के पंडालों में दर्शन करने आते हैं। लालबागचा राजा, विशेष रूप से, शहर की सबसे प्रसिद्ध गणेश मूर्ति मानी जाती है और अक्सर मशहूर हस्तियां, राजनेता और सभी क्षेत्रों के लोग यहाँ दर्शन करने आते हैं। हर साल, भक्त आशीर्वाद लेने और समृद्धि, स्वास्थ्य और शांति के लिए प्रार्थना करने के लिए घंटों लंबी कतारों में प्रतीक्षा करते हैं।

## मनपा की लापरवाही उजागर

- **मनपा रक्षक नदारद**
- **हादसा होने से टला**

**उल्हास विकास संवाददाता**

**भिवंडी.** मनपा प्रशासक, आयुक्त अनमोल सागर के लाख आदेश के बावजूद मनपा कर्मी अपनी ड्यूटी पर खरे नहीं उतर रहे हैं.आयुक्त ने विसर्जन घाटों पर तैनात रहकर विसर्जन में भक्तों का सहयोग किए जाने का निर्देश मनपा कर्मियों को दिया था.

वराला देवी विसर्जन घाट रक्षक विसर्जन के दौरान नदारद पाए गए. गणेश भक्तों द्वारा खुद पानी में उतरकर गणेश मूर्तियों का विसर्जन किया गया.विसर्जन के दौरान 2 लोग गहरे पानी में डूबने से बच गए .पानी में मौजूद लोगों द्वारा फौरन उन्हें बाहर निकाला गया जिससे भारी अनहोनी बच गई.डेढ़ दिन विसर्जन हेतु भक्तों का गणेश मूर्तियों को विसर्जित किए जाने की खातिर मनपा द्वारा निर्धारित विसर्जन घाटों,कृत्रिम तालाबों में भारी तांता लगा था.मनपा प्रशासक,आयुक्त अनमोल सागर ने अधिकारियों के साथ निरीक्षण कर विसर्जन स्थलों पर तैनात अधिकारियों, कर्मचारियों को भक्तों की सुविधा हेतु तमाम निर्देश दिए थे.भक्तों का आरोप है कि, वराला देवी विसर्जन घाट पर विसर्जन के दौरान मनपा कर्मी नदारद थे जिससे भक्तों को विसर्जन में भारी असुविधा उठानी पड़ी.भक्त खुद गणेश मूर्तियों को उठाकर पानी में जाकर विसर्जित किया.भक्तों का आरोप है कि,मनपा द्वारा तालाव किनारे बनाए गए कृत्रिम तालाब में पानी नहीं भरा गया.भक्तों द्वारा शिकायत के बाद भी पानी नहीं भरा गया.

## सुंदरकांड व भजन कीर्तन सुनकर भक्त हुए भावविभोर

**ठाणे.** श्री दुर्गा माता सेवा संस्था की ओर से आयोजित सुंदरकांड पाठ व भजन कीर्तन मंदिर के प्रांगण में को सायं 8 बजे से किया जाता है।सुंदरकांड व भजन गायक अतुल शर्मा, संजय सिंह, और नागेंद्र शर्मा ने संगीतमय सुंदरकांड पाठ भक्तों को सुनाया। रामचरित मानस कि चौपाई 'महावीर बिनवउँ हनुमाना। राम जासु जस आप बखाना।। यही संपूट रखा गया जिनके यश का बखान स्वयं भगवान श्रीराम करते हैं, ऐसे रामभक्त हनुमान को प्रणाम है और भगवान की कृपा सब पर बनी रहे यही कामना करते हैं।माता रानी के दरबार में संजय सिंह द्वारा बहुत सुंदर देवी पचरा ₹निमिया के डाह मईया नावेली झुलुववार₹

सुनाया गया जिसका साथ अतुल और नागेंद्र शर्मा ने दिया। यह पचरा सुनकर मंदिर प्रांगण में बैठे सभी भक्त झूम उठे सभी ने ताली बजाकर साथ दिया। आए हुए सभी भक्तों ने कार्यक्रम को सफल बनाए तथा मंदिर से जुडी महिला भक्तों के सहयोग से यह कार्यक्रम सफल हुआ।मंदिर के संस्थापकअध्यक्ष अरविन्द तिवारी के द्वारा कार्यक्रम में आए हुए सभी भक्तों के जीवन में सुख शान्ति की कामना की इसी के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।


## PUBLIC NOTICE

This is to inform to the public at large that the Development Agreement dated 06.08.2009 and Supplementary Agreement dated 30.11.2013 registered before the Sub Registrar Ulhasnagar under serial no. 2287/2023executed between M/s. Roy & Associates, a Partnership firm and Century Rayon Employees Co-operative Housing Society Ltd. thereby assigned rights and interest for the redevelopment of the said project and these agreements are valid, subsisting and continues to have full effect.

M/s. Roy & Associates continues to hold all its development rights and share in respect of the said Society and pursuant to these Agreements, Roy & Associates is in physical possession of the said land.

The arbitral award dated 30.04.2023 in favour of the Century Rayon Employees Co-operative Housing Society Ltd. has been challenged by M/s Roy & Associates by filing appeal under section 34 of the Arbitration and Conciliation Act 1996, and the said proceeding is pending before the Hon'ble District Judge-6 at Thane.

In view thereof, until the said appeal is decided, the aforesaid Development Agreement and Supplementary Agreement remain valid, binding and operative. Any third party dealing with the said Society or its members and/or any other person in contravention to the subsisting rights of M/s Roy & Associates will be doing so at their sole risk, cost and consequences and M/s Roy & Associates reserves its rights to take appropriate legal actions to protect its interest.

**M/s. Roy & Associates**
(Partnership Firm)
Through its Partner Mr. Surojeet Roy


## राजकुमार राव को हाई कोर्ट से राहत

- **फिल्म 'बहन होगी तेरी' मामले में ट्रायल कोर्ट की कार्यवाही पर रोक**
- **10 दिसंबर को अगली सुनवाई**

बॉलीवुड अभिनेता राजकुमार राव को बड़ी राहत मिली है। पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट ने उनके खिलाफ चल रही निचली अदालत की सुनवाई पर रोक लगा दी है। यह मामला उनकी 2017 में आई फिल्म "बहन होगी तेरी" से जुड़ा है, जिसमें धार्मिक भावनाएं आहत करने का आरोप लगाया गया था।

पिछले महीने जालंधर की एक अदालत में इस मामले की सुनवाई हुई थी, जिसके बाद राजकुमार राव ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया। जस्टिस यशवीर सिंह राठौर की पीठ ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद ट्रायल कोर्ट की कार्यवाही पर रोक लगाई और अगली सुनवाई की तारीख 10 दिसंबर तय की है।

दोनों पक्षों को सुनने के बाद हाईकोर्ट ने स्पष्ट किया कि जब तक मामले की अगली सुनवाई नहीं हो जाती, तब तक राजकुमार राव के खिलाफ ट्रायल कोर्ट की कार्यवाही पर रोक रहेगी। अदालत ने कहा कि यह जांचा जाएगा कि क्या वास्तव में धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने का कोई ठोस आधार है या फिर यह केवल एक धारणात्मक विवाद है। इस फैसले के बाद राजकुमार राव को फिलहाल राहत मिल गई है, लेकिन अंतिम फैसला 10 दिसंबर की सुनवाई के बाद ही तय होगा।



## नेत्र चिकित्सा शिविर को गणेश भक्तों का भारी प्रतिसाद

**उल्हास विकास संवाददाता**

**भिवंडी.** धामनकरनाका मित्र मंडल द्वारा श्री भैरव नेत्र चिकित्सा अस्पताल के सहयोग से सार्वजनिक गणेशोत्सव के दौरान आयोजित नेत्र चिकित्सा शिविर को गणेश भक्तों ने भारी प्रतिसाद मिला है.

मंडल के मुख्य पदाधिकारी रहे स्व.विजय गुज्जा की स्मृति में आयोजित रक्तदान शिविर का सहायक पुलिस आयुक्त सचिन सांगले ने मंडल अध्यक्ष संतोष शेट्टी, भैरव सेवा समिति के अनिल जैन, संजय शाह, दिलीप पोद्दार, हसमुख पटेल, मोहन बल्लेवार की उपस्थिति में किया.



गौरतलब हो कि,धामनकर नाका मित्र मंडल ने श्री भैरव नेत्र चिकित्सा अस्पताल के सहयोग से स्व. विजय गुज्जा की स्मृति में नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया.शिविर को संबोधित करते हुए सहायक पुलिस आयुक्त सचिन सांगले ने कहा कि,एकता के राजा के नाम से मशहूर धामनकर नाका मित्र मंडल गणेशोत्सव को केवल एक धार्मिक उत्सव के रूप में ही नहीं, बल्कि सामाजिक गतिविधियों के माध्यम से समाज की मदद करने की भावना से भी मनाता है. अन्य गणेशोत्सव मंडलों को इस मंडल का अनुसरण करना चाहिए.सहायक पुलिस आयुक्त सचिन सांगले ने मंडल के कार्य की प्रशंसा की. मंडल संस्थापक अध्यक्ष पूर्व पार्षद, शिवसेना नेता शेट्टी ने बताया कि, गणेशोत्सव के दौरान नेत्र उपचार शिविर के आयोजन का यह पाँचवाँ वर्ष है.नेत्र शिविर में 335 मरीजों की जाँच की गई, जिनमें से 215 मरीजों को मुफ्त चश्मे वितरित किए गए.उन्होंने कहा कि,नेत्र परीक्षण में पाए गए 25 मरीजों की मोतियाबिंद की सर्जरी धामनकर नाका मित्र मंडल द्वारा मुफ्त में की जाएगी.नेत्र शिविर आयोजन समिति प्रमुख मुरारी पोद्दार और राकेश पटवारी सहित कई कार्यकर्ताओं ने शिविर को सफल बनाने के लिए कड़ी मेहनत की.









यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099